
तापमान
अधिकतम 36.6 डिग्री
न्यूनतम 22.3 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025

11 विषय संबंधित शिक्षक की लगा दी ड्यूटी परीक्षा कक्ष...

12 सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को बीएसएफ...


# उच्च शिक्षा में लाखों का घोटाला, डिजिटल सिग्नेचर कॉपी कर लगाते रहे विभाग को चूना, लपेटे में रुसा भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में लाखों का घोटाला सामने आया है। पूरा घोटाला डिजिटली हुआ है। जांच के लिए आई उच्च शिक्षा विभाग की टीम सोमवार सुबह से ही कागजों और दस्तावेजों की जांच करती रही, लेकिन वर्षों से चल रहे घोटाले की तफ्तीश देर रात तक भी पूरी नहीं हो सकी। टीम अब मंगलवार को फिर से जांच के लिए जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग में डिजटली घोटाले का यह अपनी तरह का पहला मामला है। यहां के एक कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव पर घोटाले का आरोप लगा है। जांच के दायरे में रुसा को भी ले लिया गया है। अंदरूनी सूत्रों के प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम तक हुई जांच में लगभग 15 लाख की धोखाधड़ी की पुष्टि हो गई है। जांच आगे बढ़ने के बाद घोटाले की राशि में वृद्धि संभावित है।

दरअसल, कर्मचारियों का वेतन जारी करने डिजिटल सिग्नेचर का इस्तेमाल होता है। उच्च शिक्षा विभाग के साइंस कॉलेज परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव के पास उच्च शिक्षा संचालनाय के आयुक्त के डिजिटल हस्ताक्षर थे। इसी हस्ताक्षर का प्रयोग कर वह उच्च शिक्षा विभाग को उस कर्मचारी के वेतन के लिए प्रतिमाह पत्र प्रेषित करता रहा, जो वहां कार्यरत ही नहीं था। उक्त कर्मचारी रूसा अर्थात ⏭ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### रूसा कर्मचारी से लेता रहे पैसे

चूंकि वेतन कर्मचारियों को कैश देने के स्थान पर ऑनलाइन दिया जाता है, इसलिए आरोपी रूसा के उक्त कर्मचारी से प्रतिमाह यह कहकर वेतन की पूरी राशि लेता रहा कि उसके खाते में विभाग द्वारा दो बार पैसे भेज दिए गए हैं, इसलिए एक राशि वह लौटा दे। कई वर्षों से यह सिलसिला चलता रहा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भेजी गई टीम इस बात की भी जांच कर रही है कि रूसा के उक्त कर्मचारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय के उच्च अधिकारियों की इस घोटाले में कोई भूमिका है अथवा नहीं। ना सिर्फ वेतन बल्कि फर्जी वेंटर सहित अन्य तरह के बिल लगाकर भी उक्त सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी द्वारा पैसे निकाले जाते रहे।

### सोमवार को पूरे दिन चलती रही जांच, फिर भी पूरी नहीं हो पाई तफ्तीश

- एक व्यक्ति को दो-दो विभागों से जारी होता रहा वेतन, फर्जी वेंडर को भी पेमेंट



### नहीं मिले दस्तावेज, कर्मचारी भी गायब

उच्च शिक्षा विभाग को कर्मचारी की शिकायत बीते दिनों प्राप्त हुई थी। इसके बाद विभाग ने जांच बैठाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भेजी गई टीम में एडिशनल फायनेंसर डीएस देवांगन और अकाउंटेंट आकाश दुबे शामिल हैं। टीम जब जांच के लिए पहुंची तो कर्मचारी बगैर कोई सूचना दिए कार्यालय से अनुपस्थित मिला। लेन-देन संबंधित दस्तावेज भी गायब मिले। जानकारी मुताबिक वित्तीय कार्य उक्त कर्मचारी द्वारा ही देखे जाते थे, इसलिए वित्तीय अनियमितताएं विलंब से सामने आ सकीं।

## खबर संक्षेप

### सरिया चोरी कर बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने ट्रक में गुजरात के लिए सरिया लोड कर किसी अन्य जगह अनलोड कर सरिया बेचने के आरोप में ट्रक ड्राइवर सगित दो लोगों को मध्यप्रदेश सिवनी से गिरफ्तार किया है। भुवन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक ड्राइवर राहुल उर्फ राजेश उर्फ हर्षित बघेल तथा एक अन्य साथी दिलीप उर्फ छोटू सूर्यवंशी को गिरफ्तार किया है। भुवन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि विगत 7 जनवरी को गुजरात के एक पार्टी से सौदा होने के बाद राजेश की ट्रक में 11 टन सरिया लोड कर रवाना किया। राजेश ने उक्त माल किसी अन्य जगह बेच दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच लाख रुपए जब्त किए हैं।




### राह चलते लोगों से मोबाइल लूट, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने स्टेशन रोड तथा शहर के अलग-अलग इलाकों में घूम घूमकर मोबाइल लूट करने के आरोप में एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अमित दास मानिकपुरी की शिकायत पर सोनू ठाकुर तथा निर्मल यादव को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने लूटे गए पांच मोबाइल जब्त किए हैं।

### शातिर बाइक चोर धरा गया, वाहन बरामद

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक दोपहिया वाहन जब्त किया है। हरजिंदर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने दोपहिया चोरी करने के आरोप में बाबूलाल श्रीवास को गिरफ्तार किया है। बाबूलाल ने हरजिंदर की दोपहिया बंजारी मंदिर स्थित एक फैंसी स्टोर्स के पास से चोरी की थी, तब हरजिंदर ने बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बाबूलाल को पुराना चीरघर के पास से गिरफ्तार किया है।



### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में एक साल से फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। भनपुरी में पाटीदार भवन के पास पिछले वर्ष 27 अप्रैल को धनेश साहू के पेट में चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में विक्की मिरी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। आपसी रंजिश के चलते विक्की ने धनेश के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला किया था।

### डिलीवरी देर से की जोमेटो ब्वॉय से मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक जोमेटो ब्वॉय ने डिलीवरी देने में देर होने पर दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनिकेत सिंह ने इंद्रजीत सिंह तथा गार्ड के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अनिकेत ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह रात 9 बजे इंद्रजीत को खाने की डिलीवरी देने गोविंद नगर गया था। डिलीवरी देने में देर होने पर इंद्रजीत ने गार्ड के साथ मिलकर अनिकेत के साथ मारपीट की।

### मलकीत सिंह गैंदू सात पन्नों का जवाब लेकर पहुंचे ईडी कार्यालय

# कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री गैंदू से ईडी ने दूसरी बार की छह घंटे पूछताछ

### शराब घोटाले के पैसों से कांग्रेस भवन निर्माण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब घोटाले के पैसों से सुकमा तथा कोंटा में कांग्रेस भवन निर्माण कराने के आरोप में ईडी ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को सोमवार को दूसरी दफा पूछताछ करने तलब किया। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री सात पन्नों का जवाब लेकर ईडी कार्यालय में उपस्थित हुए। ईडी ने गैंदू से शराब घोटाले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से जुड़े सवाल किए। कांग्रेस भवन निर्माण को लेकर मलकीत सिंह गैंदू से ईडी ने तीन बिंदुओं पर पूछताछ की। छह घंटे की पूछताछ के बाद वह बाहर निकले।

पूछताछ को लेकर कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री ने बताया कि सात पन्नों के जवाब के साथ ईडी के समक्ष वे पेश हुए। गैंदू के अनुसार ईडी ने उनसे कोई निजी सवाल नहीं पूछे। गैंदू के अनुसार उन्होंने ईडी के सभी सवालों का जवाब देने के साथ अपना बयान दर्ज कराया है। फिलहाल ईडी ने गैंदू को पूछताछ के लिए कोई नई तारीख नहीं दी है। ईडी कार्यालय से निकलने के बाद गैंदू प्रदर्शन में शामिल हुए और पीसीसी चीफ दीपक बैज को ईडी की पूछताछ को लेकर जानकारी दी।



### भ्रष्टाचार के पैसों से बना भवन

ईडी ने आरोप लगाया है कि सुकमा तथा कोंटा में शराब घोटाले के पैसों से कांग्रेस भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण करने निर्धारित बजट से ज्यादा खर्च किए जाने का ईडी ने आरोप लगाया है। ईडी के आरोपों के अनुसार शराब घोटाले के आरोपी कवासी लखमा ने भ्रष्टाचार के पैसों को कांग्रेस भवन निर्माण के लिए राशि दी थी।

### पौने दो करोड़ से ज्यादा खर्च

सुकमा और कोंटा में कांग्रेस भवन निर्माण में पौने दो करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। ठेकेदार को सुकमा में भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 36 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, जबकि कोंटा के लिए 50 लाख रुपए दिए गए। जिस ठेकेदार ने सुकमा व कोंटा में पार्टी कार्यालय बनाया है, उसने बस्तर संभाग के कुछ और जिलों में भी पार्टी कार्यालय का निर्माण किया है। उस संबंध में भी ईडी ने जांच शुरू कर दी है।

### ईडी दफ्तर के सामने कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन, नेता बोले- हम डरने वाले नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ईडी की कार्यप्रणाली के विरोध में तथा ईडी द्वारा कांग्रेस के दफ्तर में नोटिस भेजने एवं कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को जबरिया घंटों ईडी ऑफिस में बैठाने के विरोध में कांग्रेस ने ईडी ऑफिस के सामने धरना दिया। धरने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सह प्रभारी जरिता लेतफलांग, विजय जांगिड़ उपस्थित रहे।

धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, देश के इतिहास में पहली बार राजनीतिक दल के दफ्तर पर सेंट्रल एजेंसी आती है और आकर कहती है कि आपके नाम से नोटिस समन आया है। ईडी द्वारा भेजे गये समन के आधार पर जानकारी देने गए कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को जबरिया ईडी ऑफिस में घंटों बैठाया जाना बेहद ही आपत्तिजनक है। समन के चार बिन्दु थे उसमें यह तो नहीं था। ईडी नगर निगम कब से हो गयी, वह बिल्डिंग का नक्शा कब पास हुआ, लेआऊट कहां है, छज्जा कितना निकला है, ऊंचाई कितनी है? यह सवाल पूछ रही है, नक्शा पास हुआ या नहीं लोकल पालिका पूछेगी सिर्फ परेशान करने की नीयत है साफ दिख रही है। धरने में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, ⏭ शेष पेज 11 पर




- ईडी कार्यालय के सामने कांग्रेस का विशाल धरना

### विपक्ष को परेशान करने केंद्रीय संस्थाएं भेज रही- महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, दुर्भाग्य की बात कि ईडी राजीव भवन तक आ गयी थी। डबल इंजन की सरकार में ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा के इशारे पर ईडी कार्रवाई कर रही है। डबल इंजन की सरकार में विपक्ष के यहां छापा मारा जाता है। भाजपा की सरकार सूची बनाकर ईडी को देती है और छापा मारने का आदेश देती है। विपक्ष को परेशान करने के लिये भाजपा ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग करती है। भाजपा विपक्ष को कमजोर करना चाहती है। विपक्ष जनहित के मुद्दे उठाती है, तो भाजपा विपक्षी दलों के यहां ईडी को छापा मारने को कहती है, लेकिन विपक्ष इन कार्यवाही से डरने वाला नहीं है।

## कोल घोटाला मामले में रानू सौम्या, सूर्यकांत सहित 12 को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोल घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर रही सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी सहित 12 लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी है। बावजूद इसके इनको जमानत का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसकी वजह दोनों आईएएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के पूर्व अफसर तथा सूर्यकांत को ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में अर्जी दायर कर डीएमएफ घोटाला मामले में गिरफ्तार कर छह मार्च तक पूछताछ करने रिमांड पर लिया है।

- अंतरिम जमानत मिलने के बाद ईओडब्लू ने डीएमएफ घोटाला मामले में रानू, सौम्या, सूर्यकांत को किया गिरफ्तार

सुप्रीम कोर्ट ने सभी को एसीबी द्वारा दर्ज कोल घोटाला मामले में अंतरिम जमानत दी है। निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का भी मामला दर्ज है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सौम्या चौरसिया पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुकी है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में रानू तथा विश्नोई की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। डीएमएफ घोटाला मामले में उनकी पूर्व में ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

### इन्हें दी गई अंतरिम जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्नोई, निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा अफसर सौम्या चौरसिया, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के अलावा शिवशंकर नाग, दीपेश टांक, हेमंत जायसवाल, राहुल कुमार सिंह, चंद्रप्रकाश जायसवाल, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, रोशन कुमार सिंह और संदीप कुमार नाग को अंतरिम जमानत दी है।

### जांच में देर इसलिए जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जांच प्रक्रिया लंबी चलेगी। इस वजह से बगैर किसी जल्दबाजी के आरोपियों को अंतरिम जमानत दी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों को जमानत देते हुए उचित आचरण बनाए रखने के साथ ही अदालत के निर्देशों का सख्ती से पालन करने आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह आरोपियों के आचरण की रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि मामले की जांच में पारदर्शिता बनी रहे।

### गवाहों को प्रभावित करने पर जमानत रद्द

आरोपियों को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी गवाहों को प्रभावित करने के साथ सबूतों के साथ छेड़छाड़, जांच में बाधा डालने की कोशिश करता है, ऐसी स्थिति में राज्य शासन सुप्रीम कोर्ट में जमानत रद्द करने आवेदन पेश कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ऐसी स्थिति में आरोपियों की अंतरिम जमानत रद्द कर सकती है।

## शहर की 32 पानी टंकियों से आज शाम नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फिल्टर प्लांट के रॉ वाटर पाइप लाइन में केनाल रोड के पास लीकेज मरम्मत कार्य 4 मार्च को किया जायेगा। मरम्मत कार्य के कारण नगर निगम का जल विभाग मंगलवार को 10 घंटे का शटडाउन लेगा। इस वजह से शहर की 32 पानी टंकियों में मंगलवार शाम जल आपूर्ति नहीं होगी। सुबह की नियमित जल आपूर्ति के बाद पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का कार्य शुरू होगा। मरम्मत पूरी होने के बाद बुधवार सुबह सभी टंकियों से नियमित रूप से जल प्रदाय व्यवस्था शुरू हो जायेगी। दरअसल, 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट के 1400 एमएम व्यास की ⏭ शेष पेज 11 पर

- फिल्टर प्लांट के रॉ वाटर पाइप लाइन में लीकेज, मरम्मत के लिए आज 10 घंटे रहेगा शटडाउन

### 4 मार्च की शाम इन टंकियों से जल आपूर्ति रहेगी प्रभावित

भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडीनगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीरनगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंतिविहार, मंडी पानी टंकी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया पानी टंकी, रायपुरा, कुकरबेड़ा पानी टंकी। इसके साथ ही 80 एमएलडी नये प्लांट से भरने वाली बैरनबाजार नई पानी टंकी, देवेन्द्र नगर ⏭ शेष पेज 11 पर

# मंत्रोच्चार-शंखनाद के बीच मीनल चौबे ने संभाली महापौर की कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डेढ़ दशक बाद शहरी सत्ता में भाजपा की वापसी के साथ सोमवार को शहर की दूसरी महिला महापौर मीनल चौबे ने वैदिक रीति से आधा दर्जन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच पूजा अर्चना कर महापौर की कुर्सी संभाली। गांधी सदन में प्रवेश करने से पहले मुख्य द्वार पर बैंड बाजे के साथ भाजपा कार्यकर्ता और निर्वाचित पार्षदों ने उनका जोशीले अंदाज में बैंड बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिला।

नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर शंखध्वनि के बीच पदभार संभाला। महापौर कक्ष में प्रवेश करते ही गुलाब की पंखुड़िया से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान वहां ⏭ शेष पेज 11 पर

- बैंड बाजे के साथ गांधी सदन के सामने जोरदार स्वागत, आतिशबाजी का नजारा
- मेयर कक्ष में प्रवेश करते ही गुलाब की पंखुड़ियां से हुआ स्वागत, जय श्रीराम का गूंजा नारा



### मेयर कक्ष में महिलाओं की उमड़ी भीड़, सेल्फी लेने मची होड़

प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम की शहरी सरकार में नारी शक्ति को शीर्ष नेतृत्व मिलने की खुशी को साझा करने बड़ी संख्या में महिलाएं मेयर कक्ष में उमड़ पड़ीं। बुके लेकर स्वागत करने और नए महापौर को बधाई देते हुए सेल्फी लेने होड़ मची रही। पदभार ग्रहण करने पर महापौर चैंबर में पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता प्रदान करने वालों में रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष जयंती पटेल, नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, अशोक पांडे, छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष शताब्दि पांडे, नगर निगम के निर्वाचित पार्षद सूर्यकांत राठौर, मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, महेन्द्र खोडियार, भोलाराम साहू, गोपेश साहू, गज्जू साहू, नंदकिशोर साहू, अजय साहू, अवतार-भारती बागल, संतोष-सीमा साहू, सरिता दुबे, गायत्री चंद्राकर, पुष्पा-रोहित साहू, सुमन पांडे, बब्बी सोनकर, श्वेता विश्वकर्मा, दीपक जायसवाल, साधना-प्रमोद साहू, आनंद अग्रवाल, आशु चंद्रवंशी, अंबर अग्रवाल, पूर्व पार्षद गोपी साहू सहित जन प्रतिनिधि वार्ड पार्षद सहित पूर्व पार्षद, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप संचालक से 75 हजार की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माना थाना क्षेत्र में डूमरतराई के पेट्रोल पंप संचालक से देर रात बदमाशों ने 75 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस नाकेबंदी कर लुटेरों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, चैतन्य बिजनेस पार्क के सामने की घटना है। जहां डूमरतराई के पेट्रोल पंप संचालक हरीश अग्रवाल से लूट की वारदात हुई है। सोमवार रात लगभग 10 बजे वे पेट्रोल पंप से 75 हजार रुपए लेकर निकले थे। इस दौरान दो बाइक से कुछ बदमाश उनके पीछे से आए और पहले उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके बाद पेट्रोल पंप संचालक से बहस करने लगे। कुछ देर बाद उनसे 75 हजार रुपए लूटकर वहां से भाग निकले। घटना की सूचना माना थाने देने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

- बाइक से टक्कर मारी, विवाद के बाद रकम लूटकर भागे बदमाश

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### बजट किसान और कृषि के लिए निराशाजनक



आरंग। किसान नेता पासनाथ साहू ने छत्तीसगढ बजट को किसानों के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट किसानों के अपेक्षा अनुरुप नहीं रहा। अन्य सेक्टर के मुकाबले कम राशि आबंटन से —षि से जुड़ी जरूरी कार्य पूर्ण नहीं हो पायेगी। गांव में गौठान जैसी योजना बनाकर खुले मवेशियों की व्यवस्था व संवर्धन किया जाना था, मवेशी अब फिर फसलों को नुकसान पहुंचाएंगे तथा सड़क दुर्घटना का शिकार होकर उन्हे फिर अपनी जान गंवानी पड़ेगी। नैनो यूरिया को प्रोत्साहन देने के निर्णय से भी किसानों का नुकसान तय है। सभी किसान जानते हैं नैनो यूरिया गुणवत्ताहीन है, फसल बीमा योजना में बहुत कम राशि प्रावधान किया है। जब तक बीमा की दोषपूर्ण नीति में सुधार नहीं किया जाता, तब तक किसानों को लाभ नहीं मिलेगा। सिंचाई सुविधा बढ़ाने का ठोस योजना नहीं बनाया गया है, इसका असर पेयजल संकट तक पहुंचेगा।

### जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनने अंजय बने पर्यवेक्षक

आरंग। रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष श्याम नारंग ने जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव हेतु भाजपा के वरिष्ठ नेता अंजय शुक्ला को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## हादसा : परिजनों को स्टील फैक्ट्री ने 10 लाख का चेक व 1 लाख नकद दिया

# स्टील एवं ट्यूब फैक्ट्री में मशीन गिरने से एक मजदूर की मौके पर मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सिलयारी



धरसीवां ब्लाक मुख्यालय के ग्राम कुथरेल के एक संभव स्टील एवं ट्यूब फैक्ट्री में दर्दनाक हादसा हुआ है। कार्य के दौरान भारी मशीन गिरने से दो मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरी मजदूर को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से घर भेज दिया गया है। घटना के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई है। पुलिस सूत्रों जानकारी के अनुसार, सिलयारी चौंकी धरसीवां थाना क्षेत्र के कुथरेल गांव में संचालित संभव स्टील प्राइवेट लिमिटेड में कार्य चल रहा था। इस दौरान जब संभव स्टील एवं ट्यूब फैक्ट्री में वायर मशीन फिटिंग करने के दौरान क्रेन से मशीन गिरने से युवक की मौक़े पर ही मौत हो गये। यह घटना दिनांक 28 फरवरी दिन शुक्रवार के तकरीबन 2:30 बजे दोपहर ग्राम कुथरेल स्थित संभव स्टील एवं ट्यूब फैक्ट्री में वायर मशीन फिटिंग करने के दौरान फिटर मैकेनिक बिनीत शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा उम्र (29) वर्ष पता ग्राम इटहरी थाना रसूलपुर जिला छपरा बिहार निवासी हैं। ऊपर वायर मशीन फिटिंग के दौरान मशीन बिनीत शर्मा के सिर पर गिरने से मौत गया। जिसका पीएम दिनांक 1 मार्च दिन शनिवार को एम्स हास्पिटल रायपुर में किया गया। मृतक के परिवार वाले को संभव स्टील फैक्ट्री ने 10 लाख का चेक वह 1 लाख नगद दिया और इंश्योरेंस 15 लाख मिलने का आश्वासन दिया है।

■ क्रेन से मशीन गिरने से हुई दुर्घटना

**दोषियों पर होगी कार्रवाई**

संभव स्टील प्लांट कुथरेल में कार्यरत स्टाफ के ऊपर मशीन गिरने से सिर पर चोट आने दौरान मौत हुई है। एम्स हास्पिटल रायपुर में मृत्यु होंने की सूचना आई जिससे पुलिस बल रवाना किया गया था। घटना की बारीकी से जांच करेंगे जहां दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

**जितेन्द्र कुमार डहरिया,**
सिलयारी चौंकी प्रभारी

### हर साल औसतन सिलतरा और क्षेत्रीय उद्योगों में सैकड़ों मजदूरों की मृत्यु

सिलयारी, धरसीवां,रैता, कुथरेल, किरना, मढ़ी, जैसे सैकड़ों गांव में अब कारखानों की विस्तार आम बात हो गई है, फैक्ट्रियों में आग या अन्य हादसों से लगातार श्रमिकों की जान जा रही है। अधिकतर मामलों में फैक्ट्री संचालकों की लापरवाही सामने आती है। लेकिन सम्बंधित विभाग और पुलिस विभाग भी नजरंदाज करते रहे। इसी तरह फैक्ट्रियों में बिल्डिंग नियम अनुसार नहीं बनी है, फिर भी नक्शे पास हो जाते हैं। श्रम विभाग के पास श्रमिकों का पूरा रिकॉर्ड नहीं है। सेंपटी एवं अग्निशमन डिपार्टमेंट सर्वे करते हैं और खामियों पर खामोश हो जाते हैं। हादसे होते हैं और मामले की जांच भी की जाती है। मजदूरों के परिजनो से फैक्ट्री मालिक समझौता कर लेते हैं।या बिना ठोस कार्रवाई के फाइल बंद हो जाती है। कुथरेल में संचालित संभव स्टील फैक्ट्री को लगभग 4 से 5 साल हो रहा है और अभी यहां तीसरी घटना है श्रमिक की मौत होने की। छोटे- छोटे हादसा जैसे हाथ -पैर टूटना आम बात है। इस मामले को उपचार कर बंद कर दिया जाता है। संभव स्टील फैक्ट्री के जिम्मेदार अधिकारी बिरेन्द्र त्रिपाठी से सम्पर्क कर घटना की जानकारी लेने पर अभद्र व्यवहार किया गया।

## खमतराई, भोथली व गुखेरा स्कूलों का बीईओ ने उड़नदस्ते का साथ किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸। आरंग

सोमवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने उड़नदस्ता टीम के साथ बोर्ड परीक्षा दसवीं के परीक्षा केन्द्रों गोढ़ी, फरफौद, भानसोज, टेकारी का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था का जायजा लिया एवं अपराह्न भोथली, गुखेरा, खमतराई के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूलों का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों से ऑनलाइन अवकाश प्रक्रिया के पालनार्थ कड़ाई से निर्देशित किया तथा मध्यान भोजन स्व सहायता समूह से बात करते हुए मीनू के अनुसार गुणवत्ता युक्त भोजन देने के निर्देश दिए। साथ ही कक्षा आठवी एवं पांचवी कि विद्यार्थियों को संस्कृत, विज्ञान, गणित विषय पर फोकस करते हुए श्लोक "काग चेष्टा बको ध्यानं" की व्याख्या कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्हें उत्तर लिखने की शैली के कई प्रकार बताएं एवं शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे पूर्व तैयारी करके आए एवं लोक शिक्षण संचनालय द्वारा जारी ब्लूप्रिंट को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस आधार पर बच्चों की तैयारी करवाए तथा प्रेरित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार बेहतर कार्य करें एवं बेहतर परिणाम लाए। इस अवसर पर उड़न दस्ता टीम सीएसी प्रहलाद शर्मा, प्रधान पाठक मनोज मुछावर, त्रिवेणी बगरिया, ऋतंभरा चंद्राकर, संकुल प्राचार्य रवि शर्मा, सीएसी हरीश दीवान, प्रधानपाठक गण अरविंद वैष्णव, के.के. साह, शिक्षकगण रामनारायण कन्नौजे, नोहर लाल यादव, नीता कन्नौजे, घनश्याम साहू, विमला चौहान, तारकेश्वर डडसेना, सुंदर साहू, कृष्णा चंद्राकर, सीमा वर्मा आदि एवं स्व सहायता मध्यान समूह डिगे"वरी यादव, बिसाहिन निषाद, सीमा यादव आदि की उपस्थिति रही।

## अभाविप ने बोर्ड परीक्षाओं के छात्रों का किया स्वागत



**अभनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभनपुर इकाई के कार्यकर्ताओ ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर,परीक्षा मे सफलता के लिए शुभकामनाएं दी । यह आयोजन नगर के विभिन्न परीक्षा केन्द्र वाले विद्यालयों में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वास से परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। विभाग संयोजक राधेश्याम साहू एवं जिला संयोजक भावेश नवरंगे ने बताया कि हमारा उद्देश्य छात्रों को मानसिक और भावनात्मक समर्थन देना है ताकि वे अपनी परीक्षाओं को पूरी तरह से आत्मविश्वास के साथ उत्तीर्ण कर सकें। अभाविप द्वारा विद्यार्थियों को सिर्फ शैक्षिक सहायता ही नहीं, बल्कि उन्हें मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाता रहा है । इस अवसर पर नगर सह मंत्री विशु गुप्ता, महाविद्यालय प्रमुख अनीश सूर्यवंशी, विद्यालय प्रमुख राहुल साहू, नगर सोशल मीडिया प्रमुख दिवाकर साहू, श्रीमती कोमल सिन्हा, तोषण सोनवानी, मानस साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरपंच की टीम ने उल्बा ग्राम में की साफ-सफाई



**अभनपुर।** नवनिर्वाचित सरपंच नेहरू लाल साहू के नेतृत्व मे ग्राम उल्बा मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान मे गांव के युवा वर्ग अपनी सहभागिता प्रदान करते सार्वजनिक शौचालय ,अटल चौक,नाली एवं आसपास के क्षेत्र का सफाई कर स्वच्छ भारत अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया। वही सभी उपर्सिति लोगो ने आने वाले आगामी 5 वर्ष तक उल्बा के विभिन्न सार्वजनिक जगहों को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सरपंच नेहरू लाल साहू, शंकर साहू, मिलेश तारक, डेमलाल साहू,गोविंद ध्रुव, यशवंत पाल, संदीप ध्रुव, तेजराम साहू, राजू साहू,ब्रिज लाल साहू, गिरधारी लाल साहू, खिलेंद्र साहू, जयसूल तारक, लक्ष्मीनारायण तारक , ऋतुराज ध्रुव , धनशाय तारक, मनीष रिगरि ,गजेंद्र ध्रुव, हरीश तारक व अन्य लोग मौजूद रहे।

## भिलाई में राज्य स्तरीय मानसगान सम्मेलन 25 से



**आरंग।** राजा मोरध्वज धार्मिक, आध्यात्मिक मानस संगठन आरंग के सदस्य एवं मार्गदर्शक हीरालाल साहू, अशोक साहू, टोकेश साहू, मानस लोधी, पुरानिक हिरवानी तथा मनहरण साहू के संयोजन में ग्राम भिलाई के साहू भवन में बैठक रखा गया। जिसमें लोधीपारा आरंग, ग्राम खपरी, ग्राम भिलाई, ग्राम भुरका के आयोजक समितियों की सर्वसम्मति से 25 से 27 मार्च तक त्रि–दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य मानस गान व्याख्यान सम्मलेन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। टोकेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षोंर् से आरंग क्षेत्र के इन गांवों में अखण्ड रामायण का आयोजन होता आ रहा है। जिसे संस्था के पदाधिकारीयों द्वारा मिलकर नए प्रारूप में अनुशासनात्मक और सुव्यवस्थित क्रम व दिशा–निर्देशों के अनुसार मानस मंच संयोजन कर संपन्न कराए जाने हेतु आयोजक समितियों से आग्रह किया गया है। आयोजित ग्राम के पदाधिकारियों में ग्राम भुरका से बिसेलाल साहू, पवन पटेल, घासीराम साहू, श्यामकुमार पटेल, ग्राम खपरी से गैंदलाल साहू, हिरावन साहू, भूषण धुरव, संतराम यादव, केशव साहू, ग्राम भिलाई से पुरुषोत्तम जलक्षत्री, तोषण साहू, गिरधारी लाल साहू, देवशरण चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, बेनीलाल, लालजी साहू, कृपाराम साहू, लोधीपारा आरंग से रेखू लोधी, दीप लोधी, फूलचंद लोधी, जन्तु लोधी, मनहरन लोधी, नरेन्द्र लोधी आदि की उपस्थिति में रामायण को अपने–अपने गांवों में भव्य उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

## ओवर ब्रिज निर्माणः मजदूर जान हथेली पर रखकर करते हैं काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸। मंदिर हसौद



राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 53 में जहां मंदिर हसौद क्षेत्र के प्रमुख बाजार के साथ मंदिर हसौद कई गांव के लिए एक केंद्र है जो कुरुद बहना काड़ी चंदखुरी नकटा दरबा सैनपरी छतौना नवागांव रीको चीचा कोटरा भाठा को जोड़ता है साथ ही क्षेत्र में स्थित छोटे-बड़े उद्योगों का कारण भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है.जहां हिंदुस्तान पैट्रोलियम एचपी गैस प्लांट एफ सी आई गोडाउन मिवान स्टील प्लांट जिंदल स्टील प्लांट क्षेत्र में स्थित दर्जनों चूना पत्थर की खदान तथा राष्ट्रीय राज्य मार्ग होने के कारण हजारों की संख्या में प्रतिदिन वाहनों का आवागमन के कारण मंदिर हसौद रोड पर काफी दबाव बना रहता था. जहां

आए दिन घटना दुर्घटना को देखते हुए मंदिर हसौद चौक को डेंजर जोन मानकर ओवर ब्रिज के लिए करोड रुपए का टेंडर जारी कर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है. वही ओवर ब्रिज के निर्माण के दौरान काम पर लापरवाही बरते जा रहे जहां बड़े स्तर पर अनिमित्ता देखने को मिल रहा है. जिसमे ना तो मजदूरो के लिए सेफ्टी का कोई व्यवस्था व न नेट की व्यवस्था.

जहां जान को हथेली में रखकर काम कर रहे है जहा लगातार वाहनों का आवागमन जारी है जिसमें सवारी वाहनों के साथ ज्वलना सिल पदार्थ जैसे डीजल पेट्रोल से भरा हुआ वाहनों का आवागमन जारी जिसके बीच आगे के चिंगारी से चल रहा काम, वही रोड़ पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव तक नही किया जा रहा.जिसके कारण धूल डस्ट से राहगीर और दुकानदार परेशान।


**// शपथ पत्र //**

मैं रविन्द्र बुवाडे उम्र 34 वर्ष पिता श्री सूरज लाल बुवाडे जाति पवार निवासी नीलकमल कॉलोनी वार्ड नं. 18 तिल्दा-नेवरा, पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) का हूं जो कि मैं शपथ पत्र पर निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूं कि

1. यह कि मेरा नाम व पता ऊपर दर्शाये अनुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय रिकार्ड जैसे कि आधार कार्ड पर नाम सुधारने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।
3. यह कि मेरी पुत्री का जन्म दिनांक 02/05/2022 को स्थान ज्योति हॉस्पिटल तिल्दा-नेवरा में हुई है उसके पश्चात नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा से मेरी पुत्री के नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है उक्त जन्म प्रमाण पत्र पर मेरी पुत्री का प्रचलित नाम आरवी पवार (AARVI PAWAR) भूलवश दर्ज करा दिया था उक्त जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर मेरी पुत्री का आधार कार्ड बनाया हूँ जिसका आधार कार्ड क्रमांक 6301 0201 9205 पर मेरी पुत्री का नाम आरवी पवार (AARVI PAWAR) दर्ज है।
4. यह कि मेरी पुत्री का राशि पंचांग नाम एवं वास्तविक नाम आरविका पवार (AARVIKAA PAWAR) है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पर त्रुटिवश नाम आरवी पवार (AARVI PAWAR) के हटाकर उसका सही नाम आरविका पवार (AARVIKAA PAWAR दर्ज करा चुका हूँ।
5. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर त्रुटिवश नाम आरवी पवार (AARVI PAWAR) को त्याग कर उसकी वास्तविक व सही नाम आरविका पवार (AARVIKAA PAWAR) को दर्ज किये जाने हेतु यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है इस संबंध जो भी नियम व शर्तें मुझे मान्य एवं बंधनकारी होगी।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि उल्लेखित शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखे गये तथ्य मेरी निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे पढ़कर समझकर आज दिनांक 28/02/2025 को मुकाम तिल्दा में गवाह के समक्ष अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

शपथकर्ता



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202410111800361**

**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

विषय- अ-6 अ सनः- 2024-2025
कूंरा (प.ह.न. 00003),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-
श्री भरत लाल देवांगन,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भरत लाल देवांगन पिता स्व. बुध्दुराम देवांगन निवासी नगरपंचायत कूंरा तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अभिलेख सुधार बाबत आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम कूंरा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसीवा तहसील धरसीवा जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 202/45. 1458/1 रकबा क्रमशः 0.2020, 0.2020 हे. भूमि आवेदक द्वारा धारित किया जाता है। वर्तमान मे उक्त खसरा नंबर 1458/1 त्रुटिवश बलराम देवांगन पिता स्व. बुध्दुराम देवांगन के नाम मे दर्ज हो गया है। उक्त भूमि ऋण पुस्तिका मे खसरा नं. 202/45, 1458/1 रकबा क्रमशः 0.2020 0.2020 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त खसरा नंबर 1458/1 रकबा 0.2020 हे. को आवेदक के नाम पर दर्ज कर अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय की नियत तिथि20/03/2025 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नही किया जावेंगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.03.2025 को जारी किया जाता है

मुहर

**SANDEEP SINGH RAJPUT**
**नायब तहसीलदार,**
**उप तहसील- धरसींवा**


## पुलिस की कड़ी निगरानी में होगा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव



**तिल्दा नेवरा।** रायपुर जिले के संवेदनशील हो चुके तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव आज 4 मार्च को जनपद पंचायत तिल्दा में सम्पन्न होगा। कड़ी व तगड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच यहां चुनाव होगा। जनपद पंचायत कार्यालय के बाहर से बैरिकेट्स लगा दिया गया है। सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है एक मात्र रास्ता सिर्फ पैदल आने जाने के लिए खोला गया है। बता दे तिल्दा नेवरा जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव यहां प्रतिष्ठा का हो गया है। पूरे जिले में इसे संवेदनशील माना जा रहा है यही वजह है कि आज चुनाव पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व उनकी निगरानी में होगा। आसपास थानों से थाना प्रभारी, सीएसपी, सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे। यहां अध्यक्ष के लिए सुबह 11 बजे से एवं उपाध्यक्ष के लिए दोपहर 2 बजे से चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होगी।




# जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की तिथि बढ़ी, कांग्रेस अपने सदस्यों को सुरक्षित रखने बना रही रणनीति

## गोवा गए कांग्रेस समर्थित सदस्य लौटे, चुनाव तिथि बढ़ने के बाद फिर टूर पर निकलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी जोडतोड़ जारी है। यहां पर 16 सदस्यों के जिला पंचायत में आठ सदस्य कांग्रेस और आठ सदस्य भाजपा के जीते हैं। जिला अध्यक्ष की कुर्सी पाने दोनों दलों के लोग दावा कर रहे हैं। कांग्रेस अपने सदस्यों को टूटने से बचाने के लिए कुछ दिनों पहले गोवा टूर पर ले गई थी। पूर्व में जिला अध्यक्ष का चुनाव 5 मार्च को तय होना था। ऐसे में सभी लोग वहां से वापस आ गए हैं। कलेक्टर रायपुर ने अब जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए 12 मार्च तय की है। चुनाव की नई तारीख आने के बाद कांग्रेसी अपने सदस्यों को बाहर रखने फिर से नई रणनीति बनाने में जुटे हैं। कांग्रेस अपने समर्थित सदस्यों को को एकजुट रखने के लिए अब 11 मार्च तक शहर से बाहर रखने के लिए फिर एक बार उन्हें दूसरे शहर में टूर पर ले जाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अचानक नई तारीख आने के बाद रणनीति में फिर से परिवर्तन किया गया है। उनका कहना है कि दो निर्दलीय चुनाव जीत कर आए हैं, वे कांग्रेस समर्थित रहे हैं। पार्टी ने उन्हें अधिकृत नहीं किया था, ऐसे में उनका साथ चुनाव में मिलने की पूरी संभावना है। इधर भाजपा ने भी अध्यक्ष पद के लिए अपना बहुमत होने का दावा किया है।



### सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष का पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। पंचायत चुनाव के बाद जिले के लिए 16 नए जिला पंचायत सदस्यों में से अध्यक्ष चुना जाना है। ज्यादातर जिला पंचायत सदस्य पहली बार चुनाव जीते हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों का दावा है कि 16 जिला पंचायत सदस्यों में उनकी संख्या बहुमत के करीब है।

### शासन ने जारी किया पत्र

जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर के चुनाव के लिए मंगलवार को सदस्यों को प्रथम सम्मेलन की सूचना दी जाएगी। 12 मार्च को प्रथम सम्मेलन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। निर्वाचन की सूचना उसी दिन जारी की जाएगी। 17 मार्च को प्रथम सम्मेलन कराया जाए।

**आज होगा 76 जनपद अध्यक्षों का चुनाव**

## 16 जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव कल, भाजपा को छह में निर्विरोध के साथ सभी में जीत का भरोसा

पंचायत चुनावों में अब मंगलवार से जनपद अध्यक्षों के साथ जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन मंगलवार को तो 76 जनपद अध्यक्षों का चुनाव होगा, इसके बाद यह क्रम 12 मार्च तक लगेगा। बुधवार को 16 जिला पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का चुनाव होना है। भाजपा को छह जिलों में अध्यक्षों के निर्विरोध चुने जाने के साथ ही सभी 16 जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का भरोसा है।

पंचायत चुनाव में नतीजों के बाद भाजपा और कांग्रेस लगातार जिला पंचायतों में जीत का दावा कर रही है। एक तरफ जहां भाजपा का सभी जिला पंचायतों में जीत का दावा है, वहीं कांग्रेस भी दो दर्जन से ज्यादा जिलों में जीत का दावा कर रही है। पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं। इसी के साथ रायपुर और सुकमा में हम बराबरी पर हैं। इनमें भी हमारा प्रयास भाजपा के जिलाध्यक्ष बनाने का रहेगा।

### इन जिलों कल होगा चुनाव

जिला पंचायत के जिन 16 जिलों में बुधवार को चुनाव होना है, उनमें कोरिया, जशपुर, कोरबा, दंतेवाड़ा अनुसूचित जनजाति मुक्त है। यहां पर महिला या पुरुष कोई भी चुनाव लड़ सकता है। कोरिया में अध्यक्ष के लिए भाजपा के संभावित प्रत्याशी मोहित पैकरा हैं। सक्ती जिला अनारक्षित मुक्त, बेमेतरा अनारक्षित महिला, कांकेर, बस्तर, बीजापुर अनुसूचित जनजाति महिला, खैरागढ़ अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है। इन सभी में भाजपा को जीत का भरोसा है। सक्ती में अध्यक्ष के लिए भाजपा की संभावित प्रत्याशी विद्या सिदार, जांजगीर चांपा में सतलता मिरी हैं।

### यहां निर्विरोध जीत का भरोसा

भाजपा को छह जिलों मुंगेली (अनारक्षित मुक्त), जांजगीर चांपा और दुर्ग (अनुसूचित जाति महिला), गरियाबंद (अनुसूचित जाति मुक्त), मोहला मानपुर और नारायणपुर (अनुसूचित जनजाति मुक्त) में निर्विरोध जीत का भरोसा है।

# अब आया गति बजट, गवर्नेंस, एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्रियल ग्रोथ के लिए होंगे ये काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार के नए बजट में इस बार स्लोगन गति को दिया गया है। गति(जीएटीआई) अंग्रेजी के प्रथम अक्षर गुड गर्वनेंस, एक्सलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंड्रस्ट्रियल ग्रोथ से मिलकर बना है। इसके माध्यम से ये काम कराए जाएंगे।

**जी गुड गवर्नेंस**

- सरकारी वित्तीय संचालन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए अगली पीढ़ी की एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली का कार्यान्वयन
- फाइलों के ऑनलाइन निपटान के लिए ई-फाइल प्रणाली का कार्यान्वयन
- अटल निगरानी पोर्टल (मुख्यमंत्री डैशबोर्ड) का विकास जो सरकारी परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक करने के लिए एक व्यापक डैशबोर्ड प्रदान करेगा
- ऑनलाइन खनिज प्रबंधन प्रणाली - खनिज ऑनलाइन 2.0 का उन्नयन
- सरकारी सेवाओं और योजनाओं में नागरिकों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की स्थापना
- सार्वजनिक खरीद के लिए जी.ई.एम (**GeM**) पोर्टल का उपयोग
- अचल संपत्ति बिक्री-खरीद का फेसलेस और पेपरलेस पंजीकरण
- आई.आई.एम और आई.आई.आई.टी रायपुर के सहयोग से मुख्यमंत्री शासन फेलोशिप

**ए. एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर**

- पूंजीगत व्यय 26,341 करोड़ जो कुल बजट आकार का 16% है, पिछले वर्ष की तुलना में 18% की वृद्धि हुई है। मुख्य बजटीय प्रावधान इस प्रकार हैं:
- यू.एल.बी के अधोसंरचना विकास के लिए आबंटन: 750 करोड़
- बागवानी विश्वविद्यालय इन्फ्रा एवं स्थापना : 170 करोड़
- मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना: 100 करोड़
- जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर में हवाई अड्डों का विकास
- पुलिस स्टेशनों को मजबूत करना: 70 करोड़
- नए अग्निशमन स्टेशनों की स्थापना और क्षमता वृद्धि: 44 करोड़
- अटल स्मारक और संग्रहालय का विकास: 40 करोड़
- बिलासपुर में 1,000 सीटों वाला सभागार: 25 करोड़

**टी – टेक्नोलॉजी**

- अदालतों का कंप्यूटरीकरण: 37 करोड़
- डायल 100/112 सेवाएं: 125 करोड़
- ई-धरती का कार्यान्वयन: 48 करोड़
- वाणिज्यिक कर विभाग में व्यापार खुफिया इकाई: 41 करोड़
- स्टेट डाटा सेंटर की स्थापना: 40 करोड़
- प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों का डिजिटलीकरण: 24 करोड़
- अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली का संचालन और रखरखाव: 25 करोड़
- डिजिटल गवर्नेंस की स्थापना: 9 करोड़
- परिवहन विभाग में वाहन ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म का कार्यान्वयन: 8 करोड़
- जिला स्तर पर जी.डी.पी डेटा एकत्र करने के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण प्रणाली का कार्यान्वयन: 7 करोड़
- स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क का संचालन और रखरखाव: 18 करोड़
- भारत नेट कार्यक्रम का कार्यान्वयन: 15 करोड़
- नगरीय प्रशासन एकीकृत डैशबोर्ड का विकास: 10 करोड़

**आई - इंडस्ट्रियल ग्रोथ**

- औद्योगिक विकास एवं व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए बी.आर.ए.पी - व्यापार सुधार कार्य योजना के तहत एकल खिड़की प्रणाली का कार्यान्वयन
- सी.एस.आई.डी.सी में ई.आर.पी एप्लिकेशन का कार्यान्वयन
- इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ प्रोग्राम का कार्यान्वयन
- रोजगार मूलक औद्यिगिक नीति
- उद्योग विभाग का बजट 3 गुना अधिक
- कोर क्षेत्र के अलावा सेवा क्षेत्र को प्रोत्साहन
- न्यू इमर्जिंग टेक्नालजी को बढ़ावा
- अग्निवीर एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार मे प्राथमिकता

## विभागों के लिए क्षेत्रवार बजट प्रावधान

बजट में प्रमुख विभागों से संबंधित क्षेत्रवार बजट प्रावधान किए गए हैं। इनमें महिला एवं बाल विकास, जनजातीय विकास, ग्रामीण विकास,कृषि, सामाजिक कल्याण, खेल और युवा, लोक निर्माण, पर्यटन, परिवहन सहित अन्य विभाग शामिल हैं।

### महिला एवं बाल विकास विभाग

- महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण सुधार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु प्रावधान : 5,500 करोड़
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (**NRLM**) जिसमें लखपति महिला, ड्रोन दीदी शामिल हैं : 800 करोड़
- एससीए योजना के तहत कामकाजी महिला छात्रावास का निर्माण: 133 करोड़
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना: 100 करोड़
- बच्चों के कल्याण और संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए मिशन वात्सल्य अंतर्गत विभिन्न बाल-केंद्रित पहल : 100 करोड़
- हाई स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरण: 50 करोड़
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना: 40 करोड़
- हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए, जिसमें चिकित्सा, कानूनी और परामर्श सहायता के लिए वन स्टॉप सेंटर (सखी): 20 करोड़
- मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने और महिलाओं और लड़कियों को सैनिटरी उत्पाद प्रदान करने के लिए शुचिता योजना: 13 करोड़
- शिक्षा, प्रशिक्षण और संसाधनों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए महिला सशक्तिकरण केंद्र: 9 करोड़
- परित्यक्त और अनाथ बच्चों की देखभाल और समर्थन प्रदान करने के लिए पालना योजना: 10 करोड़

### जनजातीय विकास

- नक्सल प्रभावित जिलों को सहायता: 220 करोड़
- प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान योजना: 50 करोड़
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान: 30 करोड़
- पाम आयल की खेती: 25 करोड़
- बस्तर में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक
- बस्तर की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बस्तर मैराथन और बस्तर मड़ई
- बस्तर और सरगुजा में मोबाइल विज्ञान प्रयोगशालाएं
- 5 जिलों (सरगुजा, बस्तर, बलरामपुर, जशपुर और रायगढ़) में विज्ञान पार्क की स्थापना
- बस्तर और सरगुजा में होम स्टे का विकास
- जशपुर और मनेंद्रगढ़ में फिजियोथेरेपी और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्रों की स्थापना
- जनजातीय क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रावधान (अनुच्छेद 275 (1)): 221 करोड़
- नक्सल प्रभावित जिलों को सहायता: 220 करोड़
- आदिवासी विकासखंडो एवं माडा पैकेट में अंत्योदय योजना के तहत चना वितरण : 400 करोड़

**ग्रामीण विकास**

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना: 845 करोड़
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना: 119 करोड़
- मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत जल निकासी प्रणाली के साथ कंक्रीट ग्राम सड़क के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये

### कृषि

- दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना: 600 करोड़
- डेयरी समग्र विकास परियोजना: 50 करोड़
- कृषि पंपों का विद्युतीकरण: 50 करोड़

### सामाजिक कल्याण

- घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में सब्सिडी: 1,000 करोड़
- मुख्यमंत्री पेंशन योजना: 420 करोड़
- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: 250 करोड़
- सौर ऊर्जा आधारित योजना के लिए अनुदान: 25 करोड़
- नियद नेल्लनार योजना के तहत 40 शिविरों में 70 गांवों का विद्युतीकरण: 20 करोड़
- प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के लिए आबंटन: 30 करोड़
- राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के लिए आबंटन: 200 करोड़
- सुखद सहारा योजना के लिए आबंटन: 125 करोड़
- दिव्यांगजन को सशक्त बनाने के लिए: 26 करोड़
- दिव्यांगजन के लिए शैक्षणिक संस्थान: 30 करोड़
- तीसरे लिंग समुदाय के लिए विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं

### खेल और युवा

- राज्य छात्रवृत्ति योजना: 150 करोड़
- केंद्रीय पुस्तकालय की स्थापना: 115 करोड़
- छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के लिए आबंटन: 50 करोड़
- सीएम कौशल विकास योजना का कार्यान्वयन: 47 करोड़
- एसएसआईपी (छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति) का कार्यान्वयन: 5 करोड़
- छात्रों के लिए राज्य अनुसंधान फेलोशिप कार्यक्रम
- छात्र कौशल कार्यक्रम और वित्तीय निवेश योजना प्रशिक्षण: राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**लोक निर्माण विभाग**

- मुख्य जिला सड़कें: 403 करोड़
- राज्य राजमार्ग: 109 करोड़
- रेलवे ओवर ब्रिज के विकास के लिए: 35 करोड़
- बड़े पुलों का निर्माण: 574 करोड़
- रिंग रोड/ बाय पास निर्माण योजना : 100 करोड़
- राज्य में सड़कों का निर्माण राज्य राजमार्ग: 109 करोड़
- हवाई पट्टियों का निर्माण और विस्तार: 7 करोड़
- मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना: 34 करोड़
- सीजीआरआईडीसीएल द्वारा निर्माण कार्य के लिए प्रावधान: 500 करोड़
- न्यूनतम सेवा के तहत ग्रामीण सड़कों का निर्माण: 500 करोड़

**पर्यटन**

- सीएम तीर्थ दर्शन योजना: 15 करोड़
- सिंधु दर्शन-कैलाश मानसरोवर यात्रा
- जशपुर में एडवेंचर टूरिस्म का विकास
- जशपुर पर्यटन सर्किट का विकास
- जिला बलौदा बाजार - भाटापारा के भंडारपुरी में गुरुद्वारे (मोती महल) के निर्माण के लिए प्रावधान

**परिवहन**

- जिला परिवहन कार्यालयों में स्वचालित ड्राइविंग ट्रैक का कार्यान्वयन: 15 करोड़
- राज्य ने 15 साल से अधिक पुराने वाहनों को हटाकर ग्रीन एनवायरनमेंट और रोड सेफ्टी लक्ष्य हासिल करने के लिए केंद्र सरकार से 95 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्राप्त किया। राज्य में पुराने वाहनों के प्रतिस्थापन के लिए 170 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों को एक बार फिर से चरण पादुका दी जाएगी, 12 लाख से ज्यादा लोगों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने अपने बजट भाषण में एक बार फिर से तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण करने की घोषणा की है। वित्तमंत्री की घोषणा से राज्य के 12 लाख से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्रहकों को इसका लाभ मिलेगा। राज्य में 70 लाख से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्राहकों की संख्या है। पूर्ववर्ती सरकार ने वर्ष 2019 में चरण पादुका वितरण पर रोक लगा दी थी। चरण पादुका के बदले पूर्ववर्ती सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों को नकदी देती थी।

वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका बांटे जाने की शुरुआत की थी। इसके बाद वर्ष 2018 में कांग्रेस सत्ता में आई तो तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण पर रोक लगा दी थी। अफसरों के अनुसार चरण पादुका वितरण करने से तेंदुपत्ता संग्रहकों को राहत मिलती है। पैरों में कांटा घुसने के अलावा कई प्रकार की सुरक्षा होती है।

### मुखिया को मिलता है चरण पादुका

तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्रहणकर्ताओं की कार्ड बनता है। कार्ड में जो मुखिया होता है, उन्हीं को चरण पादुका दी जाती है। राज्य में 12 लाख के करीब तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं के कार्ड बने हैं। ऐसे में 12 लाख लोगों को चरण पादुका का वितरण किया जाएगा। चरण पादुका देने तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्रहणकर्ता के पैरों की नाप ली जाएगी। इसके बाद संग्रहणकर्ता को उसके पैर के नाप अनुसार चरण पादुका दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### रीजन कॉन्फ्रेंस में सभी क्लबों का किया सम्मान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एक होटल में रविवार को लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट की रीजन कॉन्फ्रेंस (उत्कर्ष) का आयोजन किया गया। रीजन कॉन्फ्रेंस में करीब 12 क्लबों के सदस्य शामिल हुए, जिन्हें उनके सेवा कार्यों के लिए रीजन चेयरमैन लायन संतोष गुप्ता ने सम्मानित किया। साथ ही श्री गुप्ता ने जोन चेयरपर्सन सुनील गुप्ता, संयुक्ता गांधी और परिंदर कौर पुसरी को उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया। साथ ही आगामी प्रांतपाल विजय अग्रवाल एवं की-नोट स्पीकर त्रिलोक ने भी पिन लगाकर सम्मान प्रदान किया। सभा में सभी लायन साथियों को प्रथम बार रिपुदमन ने अपनी एसवीडीजी की पिन भेंट की। यह जानकारी लायन डॉ. निरंजन हरितवाल ने देते हुए बताया कि सभी क्लबों द्वारा किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के पोस्टर के साथ बैनर प्रस्तुतिकरण कर वातावरण को भव्यता प्रदान की। साथ ही स्क्रैप बुक भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ विजय अग्रवाल, त्रिलोक बरड़िया, रिपुदमन पुसरी, शैलेश अग्रवाल, रंजना क्षेत्रपाल एवं अमरजीत दत्ता, दिवाकर अवस्थी आदि शामिल थे।

# शिक्षा, कृषि और पीडब्ल्यूडी सरकार की प्राथमिकता में नहीं कांग्रेस सरकार की तुलना में 6 से 8 फीसदी की कटौती

## दिशाहीन बजट, राहत रियायत नहीं फिर भी 22 हजार 900 करोड़ के घाटे का बजट : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, साय सरकार के दूसरे बजट में पिछले वादों को भुला दिया गया है। न 1 लाख नई सरकारी नौकरी का ज़िक्र, न अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का कोई रोडमैप, न 500 में सिलेंडर याद रहा न बेरोज़गारी भत्ता और न ही छात्रों को बस का फ्री पास। वित्तमंत्री ओपी चौधरी केवल तुकबंदी करते रहे, मोदी की पुरानी अधूरी गारंटियों पर मौन रहकर केवल झूठा यशोगान करते रहे, दूसरी सरकारों के कार्यों और योजनाओं का श्रेय खुद ही ले लिया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, यह सरकार पूर्व में संचालित उद्योगों को भी संचालित करने में नाकाम रही है। अब नए उद्योग लगाकर रोजगार के अवसर बढ़ाने का झूठा दावा कर रही है। हकीकत यह है कि पिछले 15 महीने के भीतर 300 से अधिक राइस मिल बंद हुए हैं, 450 से ज्यादा स्पंज आयरन और रोलिंग मिल की फैक्ट्रियां बंद हुई हैं। भाजपा सरकार की उपेक्षा के कारण ही 2-2 सरकारी शक्कर कारखाने प्रदेश में बंद हो गए। यह सरकार नौकरी देने नहीं, बल्कि रोज़गार छीनने वाली सरकार है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालयों की संख्या 4 से 25 होने में इस सरकार का कोई योगदान नहीं है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में 8 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले। सारे सरकार के दूसरे बजट को मिलाकर कुनकुरी में केवल एक नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा हुई है। धरातल पर शून्य है।

### पंडरी से मोवा ओव्हर ब्रिज की तीसरी बार घोषणा

उन्होंने कहा, पंडरी से मोवा ओवर ब्रिज की घोषणा तीसरी बार सुनने को मिली, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ के जीडीपी को 2 लाख 70 हजार करोड़ से बढ़ाकर 5 लाख 9 हजार करोड़ तक अर्थात द्विगुना पहुंचाया था, जिसका श्रेय भी साय सरकार के वित्तमंत्री चौधरी खुद ही लेने से नहीं चूके। पिछले साल 27000 करोड़ से अधिक का कर्ज लेने के बाद इस बजट में फिर से लगभग 20000 करोड़ के नए कर्ज का प्रावधान भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और अनर्थशास्त्र का प्रमाण है।

### शिक्षा के बजट में 8 प्रतिशत की काटौती

उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में शिक्षा पर कुल बजट का 19.4 प्रतिशत खर्च किया गया था, जो अब इस बजट में घटकर मात्र 12 रह गया है। कृषि के क्षेत्र में कुल बजट कांग्रेस के समय लगभग 17 प्रतिशत हुआ करता था, जो अब घटकर मात्र 10 प्रतिशत रह गया है। धान और किसान छत्तीसगढ़ की पहचान है, लेकिन भाजपा की सरकार ने कृषि पर बजट आवंटन लगभग 6 प्रतिशत घटा दिया है। लोक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विभाग का बजट कुल बजट का मात्र 5 प्रतिशत रह गया है। इतनी कम राशि से नए निर्माण तो दूर रखरखाव भी संभव नहीं होगा। शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में 8 प्रतिशत की भारी भरकम कटौती भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती, दुर्भावना और जन विरोधी नीतियों को प्रमाणित करता है।

## बजट सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी : मीनल चौबे



महापौर मीनल चौबे ने प्रदेश के बजट को सराहते हुए कहा है, यह बजट समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प पूर्ण करने की दिशा में राज्य बजट सहायक सिद्ध होगा। महापौर ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा,मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने राज्य की जनता के लिए लोक कल्याणकारी सोच के साथ बजट प्रस्तुत किया है, जो कि सराहनीय है।

## छत्तीसगढ़ को महाशक्ति बनाने वाला बजट : अमित चिमनानी



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने प्रदेश की भाजपा सरकार के दूसरे पूर्ण बजट प्रस्ताव को विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का उद्घोष निरूपित किया है। श्री चिमनानी ने कहा, भाजपा की प्रदेश सरकार प्रदेश की जनता से किए गए वादों को क्रांतिकारी निर्णयों के जरिए जिस तीव्र गति से पूरा कर रही है और उसके लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के प्रति गंभीरता से बजट में प्रावधान किए गए हैं, उससे यह स्पष्ट है कि प्रदेश के विकास में और तीव्रता आएगी। श्री चिमनानी ने कहा, बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की उन्नति की नई दिशा तय करने वाला प्रयास है।

## बजट निराशाजनक संकल्प पत्र को ही झुठलाया : तिवारी

छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने राज्य सरकार के प्रस्तुत बजट को अत्यंत निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा, अपने ही संकल्प पत्र को झुठलाने वाला है। उन्होंने बताया कि संकल्प पत्र में केंद्र के समान नियत तिथि से मंहगाई भत्ता देने का उल्लेख है। वहीं बजट में अप्रैल 2025 से मंहगाई भत्ता देने की घोषणा की गई है। सरकार बाकी एरियर्स गटक गई। बजट में 250 करोड़ का कर्मचारियों के लिए पेंशन कल्याण कोष का प्रावधान किया गया है। कर्मचारियों की संख्या के अनुरूप यह भी काफी कम है।

## चैंबर ने किया बजट का स्वागत, आर्थिक विकास को गति देने वाला बजट

### चैंबर के प्रदेश कार्यालय के लिए रियायती दर पर जमीन की घोषणा अहम



प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सोमवार को प्रस्तुत राज्य के बजट का छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने इस बजट को प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देने वाला बजट बताते हुए कहा है कि बजट में महिला सशक्तिकरण गरीबों के उत्थान एवं अधोसंरचनात्मक विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। साथ ही चैंबर भवन के प्रदेश कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इसका छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से स्वागत करता है ।

### ई-वे बिल की सीमा बढ़ाना सही निर्णय : विक्रम सिंहदेव



चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में राज्य सरकार ने ई-वे बिल की सीमा को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय स्वागतयोग्य है। इसी तरह उद्योगों को सब्सिडी निपटारे के लिए 1420 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के क्षेत्र में लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट और व्यापारिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी बजट में प्रावधान किया जाना सराहनीय है।

## माना बस्ती के पंच सरपंच ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्राम पंचायत माना बस्ती में सोमवार को सरपंच-पंच का प्रथम सम्मेलन हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता लेखू बैस ने पदभार ग्रहण किया, साथ ही सभी पंच ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होने के पूर्व सभी नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारी की उपस्थिति में पंचायत भवन में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और ग्राम के वरिष्ठ जनों को सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। साथ ही ग्राम विकास की शपथ ली। सभी जनप्रतिनिधियों ने ग्राम विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## वार्षिकोत्सव में पार्षद ने बांटे पुरस्कार

**रायपुर।** कृष्णा इंग्लिश स्कूल बिरगांव के वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद संतोष साहू सहित पूर्व पार्षद मीना संतोष साहू, ईश्वर बंजारे उपस्थित हुए। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर दीनू वर्मा, प्राचार्य नंदलाल शर्मा ने बताया कि स्कूल के बच्चों द्वारा गायन, गीत, नाटक, प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पार्षद द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों के पालक, नागरिक शामिल हुए।

## छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों का होली मिलन 11 को

रायपुर। विशाल नगर स्थित आर्टिस्टिको एंटरटेनमेंट कैंपस में रविवार को छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों का होली मिलन समारोह आयोजित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को आयोजन समिति की बैठक हुई। जहां उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि यह कार्यक्रम 11 मार्च शाम 4 बजे से सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो ग्राम जोरा में किया जाएगा। यह आयोजन न केवल रंगों का त्योहार मनाने का अवसर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ी फिल्मी जगत के प्रशंसकों के लिए भी एक अनूठा मौका होगा, जिसमें फिल्मी परिवारों के सभी विधाओं के सदस्य एक छत की नीचे झूमते, नाचते, गाते एवं सूखे रंगबिरंगे गुलाल व फूलों से होली खेलते नजर आएंगे। इस कार्यक्रम में मनोरंजन, संगीत और नृत्य के साथ ही साथ, लजीज व्यंजनों के साथ आनंद लिया जा सकेगा। बैठक में संतोष जैन, राजीव श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल, मोहित साहू, डॉ अजय सहाय, नितेंद्र सिन्हा, दिनेश साहू, अरुण बागड़े, राजू नायक, राजा बरमाल, मज्जू भाई, इमरान खान, दिलीप नामपल्लीवार आदि शामिल थे।

## निधन

### सुशीला देवी कुकरेजा



रायुपर। गोदड़ीवाला सिटी बाबा गेलाराम नगर देवपुरी निवासी सुशीला देवी कुकरेजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे कल्याणदास कुकरेजा की पत्नी, राजकुमार, सुनील कुकरेजा की माताजी थीं।

### शांता चंद्रशेखर देशमुख



रायपुर। उदया सोसायटी टाटीबंध निवासी शांता चन्द्रशेखर देशमुख (100) बेलसौंडा वाले का 1 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे पद्माकर, प्रदीप, मोरेश्वर व शशिकांत, विश्वास देशमुख, श्यामल जोशी और अरुंधति हरदास की माता थीं।

### जमुना देवी जोतवानी

रायपुर। सेल्सटैक्स कालोनी निवासी जमुना देवी जोतवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 मार्च सोमवार को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे किशनचंद जोतवानी, आनंद जोतवानी, आत्माराम जोतवानी, वासुदेव जोतवानी की माताजी एवं समीर जोतवानी की दादी थीं।

# विषय संबंधित शिक्षक की लगा दी ड्यूटी, परीक्षा कक्ष में रोशनी नहीं, माशिम ने थमाया नोटिस

## दसवीं की परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ, उड़नदस्ता टीम की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षाओं की शुरुआत सोमवार से हो गई। खबर लिखे जाने तक देर रात तक किसी प्रकार की नकल प्रकरण की सूचना परीक्षा केंद्र से मंडल को नहीं भेजी गई थी। उड़नदस्ता की टीम द्वारा सघन जांच जारी है। दसवीं की परीक्षाओं की शुरुआत हिंदी विषय से हुई। प्रथम दिवस नकल प्रकरण तो नहीं मिले, लेकिन अव्यवस्थाओं का आलम नजर आया। जिन स्कूलों में अव्यवस्थाएं अधिक पाई गईं वहां के प्राचार्य और केंद्राध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### तीन स्तर पर उड़नदस्ता गठन

उड़नदस्ते की टीम तीन स्तर पर गठित की गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा उड़नदस्ते की टीम गठित किए जाने के साथ ही जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा भी उड़नदस्ता टीम गठित की गई है। जिला प्रशासन स्तर पर आकस्मिक जांच की व्यवस्था है। रायपुर में एक भी संवेदनशील केंद्र नहीं हैं। जिन जिलों में संवेदनशील केंद्र हैं, वहां अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।



### जानिए कहां, कैसी अव्यवस्था

■ बिन्नीबाई स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल भाठागांव में निरीक्षण दौरान पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षार्थियों के उत्तर पुस्तिका में समस्त कॉलम को पूर्ण व सही-सही भरने के बाद ही अपना हस्ताक्षर कर अपना नाम पदनाम लिखें। कई विद्यार्थियों ने अपनी उत्तरपुस्तिका में संपूर्ण जानकारी नहीं भरी थी, इसके बाद भी पर्यवेक्षकों द्वारा हस्ताक्षर कर दिए गए थे। ■ भारत माता हायर सेकण्डरी स्कूल रायपुर में निरीक्षण दौरान पाया गया कि बैठक व्यवस्था सही नहीं थी। परीक्षा विषय से संबंधित शिक्षक की डयूटी लगाई गई थी जिस पर आपत्ति दर्ज करते हुए माशिम सचिव पुष्पा साहू ने तत्काल व्यवस्था को दुरूस्त करने की चेतावनी देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देशित किया गया। ■ वामनराव लाखे हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-2 हीरापुर में वीक्षक डयूटी पर शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को नियुक्त करने निर्देशित किया गया। ■ हायर सेकण्डरी स्कूल गुमा के केन्द्राध्यक्ष को भी निर्देशित किया गया कि विषय से संबंधित शिक्षकों की डयूटी न लगाई जाए। यहां बैठक व प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

कई विद्यालयों में बैठक व्यवस्था पर आपत्ति दर्ज करते हुए तत्काल सुधार करने का निर्देश केन्द्राध्यक्ष को दिया गया है। जिस विषय की परीक्षा ली जाती है, उस विषय के शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा कक्ष में नहीं लगाने का नियम हे। यह व्यवस्था इसलिए की जाती है ताकि शिक्षक विषय जानकार नहीं होने के कारण छात्रों की मदद ना कर सके। नियम का पालन ना करते हुए राजधानी के एक निजी व एक शासकीय विद्यालय में विषय शिक्षक की ही ड्यूटी लगा दी गई। इसे लेकर केंद्राध्यक्षकों को नोटिस जारी किए जाने के साथ ही फटकार भी पड़ी।


# वेयर हाउस सहित कंट्रोलरूम में सालों से डंप जब्ती की शराब का होगा नष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में स्थित आबकारी विभाग के वेयर हाउस में बीते दिनों आग लगने की घटना में कई सालों की जब्ती बनाकर डंप की गई हजारों लीटर शराब की बोतलों के काटून जलकर खाक हो गए, वहीं बड़ी तादात में शराब की बोतलें भी टूट गईं। इस घटना के बाद विभाग ने अब गोदाम में डंप जब्ती की शराब को नष्टीकरण करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने प्रस्ताव भी बना लिया है। इस प्रस्ताव में सिविल लाइन स्थित विभाग के कंट्रोल रूम में जब्त की गई डंप शराब को भी नष्ट किया जाएगा।

■ जिला आबकारी विभाग ने नष्टीकरण करने बनाया प्रस्ताव

जिला आबकारी विभाग के वेयरहाउस के एक गोदाम में करीब दो सप्ताह पूर्व आग लग गई थी। आग इतनी भीषण लगी थी कि इस घटना में गोदाम में डंप शराब के सभी काटून जलकर खाक हो गए, वहीं बड़ी तादात में बोतलें भी टूट गईं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को गोदाम में लगे लोहे के दरवाजे को काटना पड़ा था। इस घटना के कारण गोदाम में शराब की बोतलें व कांच के टुकड़े बिखरे हुए हैं, जिसके कारण अब कोई भी कर्मचारी गोदाम के अंदर जाने से भी डर रहा है। विभाग ने गोदाम की हालत को देखते हुए अब डंप शराब को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए गोदाम में कितनी मात्रा में जब्ती की शराब रखी हुई थी। इसका आंकड़ा भी तैयार कर लिया गया है। वेयरहाउस के अलावा सिविल लाइन स्थित आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम में अभी तक जब्त कर रखी गई शराब को भी विभाग नष्ट करने की तैयारी कर रहा है।



फाइल फोटो

### 42 हजार लीटर शराब को किया जाएगा नष्ट

विभागीय अधिकारी के अनुसार वेयरहाउस और कंट्रोल में मिलाकर जब्ती की लगभग 42 हजार लीटर शराब डंप है। इसमें करीब 30 हजार लीटर से अधिक शराब वेयरहाउस और शेष शराब कंट्रोल रूम में डंप है। डंप शराब में विदेशी और देशी दोनों प्रकार की शराब हैं। वेयरहाउस में डंप शराब कई सालों पुरानी है, वहीं कंट्रोल रूम में पिछले कुछ सालों में जब्त की गई शराब है।

### जब्त की गई शराब अलग अलग राज्य व ब्रांड की

गोदामों में डंप जब्ती की शराब प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में बिकने वाली तथा अलग-अलग ब्रांड की हैं। इसमें मध्यप्रदेश, पंजाब, आंध्रप्रदेश, हरियाणा सहित अन्य राज्य शामिल है। इन राज्यों से अवैध रूप से शराब यहां खपाने के लिए मंगाई थी। विभाग ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए इन राज्यों की शराब के साथ कई आरोपियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

### अनुमति मिलते ही नष्टीकरण करेंगे

वेयरहाउस में आग लगने के बाद गोदाम में जब्ती की शराब के साथ कंट्रोल रूम में रखी शराब को अब नष्टीकरण किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों स्थानों पर जब्ती की लगभग 42 हजार लीटर शराब रखी गई है। नष्टीकरण नियम प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। नष्टीकरण के लिए पुलिस विभाग से माना थाना परिसर को मांगा गया है। *- रामकृष्ण मिश्रा, जिला उपायुक्त आबकारी विभाग*

### माना थाना परिसर में नष्टीकरण के लिए एसएसपी से मांगी अनुमति

विभाग की ओर से जब्ती की शराब के नष्टीकरण के लिए एसएसपी को प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव में माना थाना परिसर में शराब को नष्ट करने के लिए अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही विभाग नियम प्रक्रिया के तहत शराब को नष्ट करने की कार्यवाही करेगा। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग द्वारा जब्ती की शराब का नष्टीकरण माना थाना परिसर में किया जाता है। माना थाना का परिसर काफी बड़ा है, जहां शराब को जमीन पर रखकर उस पर बुलडोजर चलाकर नष्ट किया जाएगा।

# आचार संहिता हटे एक सप्ताह बीता, फिर भी काम में तेजी नहीं

## नामांतरण के अटके सैकड़ों प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आचार संहिता हटे एक सप्ताह हो गया है। इसके बाद तहसील कार्यालयों में कामकाज भी शुरू हो गया, लेकिन प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वाले सैकड़ों प्रकरण अभी भी अटके हुए हैं। लंबित प्रकरणों में सैकड़ों प्रकरण तो एक से दो महीने से अधिक समय से लंबित हैं। लंबे समय से नामांतरण नहीं होने के कारण अब रजिस्ट्री कराने वाले लोगों की चिंता और परेशानी बढ़ गई है। वे लगातार तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, क्योंकि तहसील कार्यालय से नामांतरण होने के बाद ही नगर निगम से नामांतरण कराना होता है, जिसमें करीब डेढ़ महीने का और वक्त लगता है।

■ ऑनलाइन कार्य करने के लिए पटवारियों ने कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट, मोबाइल सहित अन्य सुविधाओं की मांग की गई थी

रायपुर जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कारण आचार संहिता लागू रही, वहीं तहसीलदार, नायाब तहसीलदार से लेकर पटवारी तक चुनाव ड्यूटी में लगे रहे। इस कारण तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधित कामकाज के साथ नामांतरण का काम भी प्रभावित रहा। हालांकि नामांतरण के काम प्रभावित होने का एक और कारण पटवारियों का आंदोलन रहा। ऑनलाइन कार्य करने के लिए पटवारियों ने कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट, मोबाइल सहित अन्य सुविधाओं की मांग की गई थी। इन मांगों को शासन से मनवाने के लिए ऑनलाइन काम किया बहिष्कार किया था, जिसके कारण भी नामांतरण के काम नहीं हो पा रहे थे। पटवारियों का आंदोलन खत्म हो चुका है, वहीं आचार संहिता भी हट गई है। इसके बाद भी तहसीलों में जिस गति से काम होना चाहिए वह हो नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण नामांतरण के भी सैकड़ों प्रकरण लंबित हैं।




### हर दिन औसतन 150 से 200 रजिस्ट्री हो रही

रायपुर जिले के पंजीयन कार्यालय में हर दिन औसतन 150-200 रजिसट्रियां होती हैं। इस तरह पिछले कुछ महीनों में हजारों रजिसट्रियां हुई हैं। रजिस्ट्री होने के एक-दो दिन के भीतर ही पंजीयन विभाग के पोर्टल से रजिस्ट्री के सारे दस्तावेजों को तहसीलदारों के पोर्टल पर ट्रांसफर कर दिया जाता है, जिसके बाद इन दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण किए जाते हैं। हालांकि नामांतरण के लिए पटवारियों के डिजिटल साइन रिपोर्ट की भी जरूरत पड़ती है। सूत्रों के अनुसार अभी तक नामांतरण के ऐसे सैकड़ों प्रकरण हैं, जिनमें पटवारियों के डिजिटल साइन रिपोर्ट भी दी नहीं गई है। इस तरह तहसीलदारों एवं पटवारियों के धीमी गति से किए जा रहे कार्यों के कारण आम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

## पेज 09 के शेष ...

### उच्च शिक्षा में लाखों...

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान में कार्यरत है। उसे रूसा कार्यालय से वेतन प्राप्त होता है, लेकिन आरोपी ने उसे उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत बताकर उसका वेतन जारी करने भी विभाग को नियमित रूप से पत्र लिखा। इसके लिए उसने आयुक्त के डिजिटल हस्ताक्षर के प्रयोग किए।

### ईडी दफ्तर के...

सत्यनारायण शर्मा, शिव कुमार डहरिया, अमरजीत भगत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के विधायक एवं पूर्व विधायक, पदाधिकारी उपस्थित थे। **ईडी वहां जाती है जहां उनके आका देते हैं निर्देश- भूपेश** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, ईडी के खिलाफ प्रदर्शन करने आये हैं। ईडी वहां जाती है जहां उनके आका निर्देश देते हैं। मनी लांड्रिंग और भ्रष्टाचार जहां हुआ वहां ईडी नहीं जाती। ईडी तो सिर्फ विपक्षी दलों को परेशान करने के लिये आती है, क्योकि उनको ऊपर से आदेश मिलता है। प्रदेश कांग्रेस राजीव भवन और पुराना कांग्रेस भवन जो अंग्रेजों के जमाने में दान से बना है उसके बारे में भी पूछ सकते हैं। रायपुर का ऐतिहासिक कांग्रेस भवन भी आजादी की लड़ाई के दौरान छेर-छेरा पुन्नी के त्योहार के दौरान मांगे गये दान से बनाया गया था, जहां से कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी थी। ईडी ने कोर्ट में पेश किया है 72 करोड़ में भवन बना है। हम तो एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे। ईडी में साहस है तो भाजपा ऑफिस की जांच करे। **डरना नहीं और सहना नहीं- जरिता** : एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफलांग ने कहा कि भाजपा सरकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिये कर रही है। आने वाले दिनों में ब्लाक, जिला और प्रदेश स्तर पर भाजपा के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। 2028 में सशक्त कांग्रेस की सरकार लानी है और दिखाना है कि किस तरह हम हकों के लिये लड़ते हैं। भाजपा बोलती है कि बटेंगे तो कटेंगे, लेकिन कांग्रेस पार्टी बोलती है कि लड़ेंगे तो जीतेंगे। डरना नहीं है और सहना नहीं है।

### मंत्रोच्चार-शंखनाद के बीच...

मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाये। इससे पहले उन्होंने भूतल पर स्थित प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की मूर्ति का पूजन कर आशीर्वाद मांगा। विदित हो कि गांधी सदन में आने से पहले नवनिर्वाचित महापौर ने महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

### शहर की 32 पानी...

रॉ वाटर पाइप लाइन में केनाल रोड के पास लीकेज हो गया है, जिससे पानी अंदर की ओर निकल रहा है। मंगलवार को लीकेज मरम्मत करने 10 घंटे का शटडाउन लिया जायेगा। जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि चूंकि केनाल रोड शहर का व्यस्त मार्ग है, इसलिए सोमवार की रात से ही स्पॉट पर कंक्रीट का कवर तोड़ने का कार्य कराया जायेगा। सुबह के समय हैवी ट्रैफिक की वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कत होगी, इसलिए रात में ही कंक्रीट का कवर तोड़कर मंगलवार सुबह नियमित जल आपूर्ति देने के बाद पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कार्य कराया जायेगा। ट्रैफिक विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई है, ताकि संबंधित मार्ग पर पाइप लाइन लीकेज मरम्मत के समय ट्रैफिक डायवर्ट कराया जा सके।

### 4 मार्च की शाम इन...

की नई पानी टंकी, संजय नगर और मोतीबाग की पानी टंकी शामिल है। इसके अलावा रायपुर शहर में स्थित अन्य पानी टंकियों और पावर पंपों से जल प्रदाय यथावत रहेगा। 5 मार्च को सुबह सभी पानी टंकियों से लोगों को नियमित रूप से जल आपूर्ति की व्यवस्था दी जायेगी।

## नगर निगम की प्रथम सम्मिलन बैठक 7 को

# बजट मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में संभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम की प्रथम सम्मिलन की बैठक 7 मार्च को गांधी सदन के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने सोमवार को नगर निगम की प्रथम सम्मिलन बैठक सभापति और अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि महापौर मीनल चौबे निगम बजट से पहले एमआईसी की घोषणा कर देंगी। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम का बजट मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में प्रस्तुत करने की संभावना है। नगर निगम का वित्त विभाग निगम बजट को लेकर जल्द ही महापौर मीनल चौबे से मिलकर बजट को अंतिम रूप देगा।

नगर निगम के गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे के सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद 7 मार्च को रायपुर नगर निगम की प्रथम सम्मिलन बैठक बुलाई गई है। इसमें नगर निगम सभापति का चयन किया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक इस बार निगम सभापति निर्विरोध निर्वाचित की संभावना ज्यादा है। सभापति के लिए




भाजपा के वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर के नाम पर सहमति बन सकती है। वैसे सभापति पद के लिए पैनल में निगम के पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा और सरिता दुबे का नाम भी शामिल रहा।

भाजपा से नियुक्त पर्यवेक्षक धरमलाल कौशिक द्वारा सभापति चयन से पहले पार्टी वे वरिष्ठ पदाधिकारियों से इस संबंध में वन टू वन चर्चा भी हो चुकी है। वहीं सभापति के नाम की घोषणा के बाद 7 मार्च को ही अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन होगा। विदित हो, 7 मार्च के बाद से निगम प्रशासक की भूमिका समाप्त हो जायेगी। शहरी सरकार को महापौर मीनल चौबे और निगम के सभापति चलाएंगे। अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 7 मार्च को दोपहर 12:00 बजे से 12:45 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने समय रखा गया है। दोपहर 12:45 बजे से 1:00 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की जांच होगी।

**Courtyard by Marriott Raipur**
**Opp. Indira Gandhi Agriculture University NH 6, Labhandi, Raipur 492012**
**Chhattisgarh, India PH-0771-4330000, Mobile# 9109109023**

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited for the supply of following items for a period of 1year commencing from 1st April 2025 to 31st March 2026 to Hotel Courtyard by Marriott, Raipur.

**FOOD & BEVERAGE ITEMS :**
Vegetables & Fruits (Indian & Exotic), Bakery Ready to Eat, Milk & Dairy Products, Frozen Veg & Non Veg, Meat & Meat Products, Poultry & Poultry Products, lamb, Tobacco, soft Beverage& Water supply Fish & Seafood, Eggs, Groceries, Pulses, Spices, Dry Fruits, Cooking Oil & Ghee, Maida, Atta, Sugar, Imported Tinned & Bottled Products, Local & Imported Provisions, Ice-Cream & Kulfi, Indian Sweets & Namkeen, etc.

**OTHER ITEMS :**
Charcoal, Fuel Tins, Garbage & LD Bags, Office & Printed Stationery, Flowers, Kitchen & House Keeping Supplies (Mop& tools), Candles, Fragrance oil, Lights, Bulbs & Other Electrical Supplies, Hardware & Paints, Sanitary, Plumbing, Carpentry product & accessories, Uniform Supplies, Wet Garbage & Scrap, Disposals, Local guest supply, Non oven product, Ice & Dry Ice, News Paper & Magazine.

**CHEMICAL, INDUSTRIAL SALT, GAS & OIL (HSD):**
Boiler Chemical, Industrial Salt, DG Oil & Chemical, Gas, HSD, Swimming Pool Chemical, Cleaning supplies (Local F&B & House Keeping chemical) etc.

**SERVICES & AMC**
Manpower- Security Guard, Valet Driver, KSR/HK/ODC Boys, Carpenter, Painter, Electrician, Boiler Operator, Medical Checkup, Singer, Advertising, Audio Visuals equipment hire & Kitchen Equipment hire, Mattresses & Pillow, Photographer, and Outdoor Catering services, Travels & Transport, Courier Services House Rental, Gas Service and Paste Control.

Tender forms are available in the office of Security Gate No. 3, Courtyard By Marriott Hotel, Opp. Indira Gandhi Agriculture University, NH 6, Labhandi, Raipur from the Monday to Saturday between 10.00 AM to 5:00 PM with the payment of Rs. 1000 for each Category (Non-Refundable)
Sealed tenders must be addressed to "The Tender Committee Courtyard by Marriott Hotel, Raipur. The Tender Committee reserves the right to accept/ reject the tenders in full or in part without assigning any reasons whatsoever.

The last date of receipt of sealed tender is 10th March 2025 by 5:00 pm.

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित अटल विहार योजना गोबरा नवापारा, रायपुर में एल.आई.जी भवन क्रमांक-522, श्रीमति श्वेता सोनी पति श्री राकेश सोनी एवं श्री राकेश सोनी पिता श्री तातू राम सोनी, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद मे पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय अभनपुर से दिनांक 11.10.2020 को लीज डीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आवेदक द्वारा पूर्व में उक्त भवन विक्रय हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिनांक 17.01.2025 किये थे। दैनिक विश्व परिवार में दिनांक 22.01.2025 को प्रकाशित आम सूचना में क्रेता के नाम श्रीमति उमा गोस्वामी पति स्व. श्री तरुण गोस्वामी निवासीः- बी-01, मारूती रेसीडेंसी रोड, न्यू पियूष कालोनी, नेयर नर्मदेश्वर मंदिर के पास अमलीडीह रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) था। उक्त आम सूचना को निरस्त किया जाता है।

वर्तमान में श्रीमति श्वेता सोनी पति श्री राकेश सोनी एवं श्री राकेश सोनी पिता श्री तातू राम सोनी, निवासीः- गोबरा नवापारा, तहसील- गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति उमा गोस्वामी पति श्री तरूण कुमार गोस्वामी, निवासीः- बी-01, मारूती रेसीडेंसी रोड, न्यू पियूष कालोनी, नेयर नर्मदेश्वर मंदिर के पास अमलीडीह रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु पुनः अपना आवेदन दिनांक 17.02.2025 प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना गोबरा नवापारा, स्थित एल.आई.जी भवन क्रमांक-522, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। **संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर, अटल नूगर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 के न्यायालय मे मामला क्रमांकः**
**202502115600048**
विषयः- ब-121 सनः- 2024-2025
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
भाठागांव प.ह.न. 00060 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार दिलीप जैन वल्द दूढमल जैन निवासी दुर्ग,
अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप जैन वल्द दूढमल जैन निवासी दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम भाठागाँव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 119/23 रकबा 0.0440 हे. भूमि धारित किया जाता है। उक्त धारित भूमि का आवेदक को पूर्व में ऋण पुस्तिका प्रदाय किया गया था जो कि गुम हो गया है। अतः आवेदक द्वारा धारित उक्त वर्णित भूमि का द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 18/03/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 18/03/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**Praveen Parmar**
**नायब तहसीलदार**
**तहसील रायपुर**

# चढ़ रहा पारा, बढ़ रही गर्मी, नांदगांव का तापमान 37 के पार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी समेत प्रदेश में अब दिन में गर्मी बढ़ने का दौर शुरू हो गया है। अब होने वाले किसी भी तरह के मौसमी बदलाव से गर्मी कम होने की संभावना नहीं है। सोमवार को राजनांदगांव का तापमान 37 डिग्री के पार हो गया। वहां राजधानी रायपुर में भी तेज गर्मी पड़ी। राज्य में हवा की दिशा में बदलाव होने के बाद भी तेज धूप की चुभन कम होने की संभावना अब नहीं है। मार्च की शुरुआत के साथ गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है और दोपहर बारह बजे के बाद तेज धूप में जलन का अहसास होने लगा है। सोमवार को मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही बना रहा है और राजनांदगांव की गर्मी ने रायपुर समेत अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार वहां का अधिकतम तापमान 37.5 तक पहुंच गया, जो रायपुर से एक डिग्री ज्यादा रहा है। शहर में भी गर्मी का प्रभाव कुछ कम नहीं था, दोपहर में आवाजाही करने वालों को तेज धूप की वजह ने चेहरे पर स्कार्फ बांधना पड़ा।

■ अब थमने वाली नहीं है गर्मी की रफ्तार, बढ़ेगी धूप की चुभन

### चढ़ रहा पारा...

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 36.6 | +3.3 |
| बिलासपुर | 35.4 | +2.4 |
| पेंड्रा | 31.4 | +1.1 |
| अंबिकापुर | 31.5 | +1.6 |
| जगदलपुर | 36.4 | +2.6 |
| दुर्ग | 36.4 | +2.7 |
| राजनांदगांव | 37.5 | +3.5 |



## खबर संक्षेप



### नवनियुक्त महापौर चौबे को भेंट किया बुके

**रायपुर।** नगर निगम की नवनियुक्त महापौर मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय में सोमवार को पंडितों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं शंखनाद के साथ पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने श्रीमती चौबे को ओम बना हुआ बुके भेंट कर कहा कि अब रायपुर का सर्वांगीण विकास होगा।

### एनीमिया मुक्त अभियान को गति देने मैदानी ट्रेनिंग



**रायपुर।** देश को एनीमिया मुक्त बनाने चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिए मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जा रहा है। सोमवार को रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष में अंतर्विभागीय टीओटी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में ब्लॉक स्तर के चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, बीईटीओ, बीपीएम, सीडीएम, फार्मासिस्ट, सीएचओ, जेएसए तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्कूल शिक्षा विभाग से टीचर उपस्थित रहे।

### जोन कार्यालय में नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन-5 कमिश्नरी कार्यालय में नवनिर्वाचित पार्षदों का परिचय कराने बैठक रखी गई। जोन कार्यालय में कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र सिंह ने जोन के-7 वार्डों के पार्षदों को आमंत्रित कर जोन कार्यालय की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था से अवगत कराया। उन्हें जोन में पदस्थ निगम अधिकारियों के मोबाइल संपर्क नंबर दिए। बैठक में नवनिर्वाचित पार्षद सुमन पांडे, आशु चंद्रवंशी, सरिता दुबे, कृष्णा सोनकर बब्बी, ममता तिवारी, दुर्गा साहू उपस्थित रहीं।

### दोंदेकला में पंच-सरपंच ने ली शपथ

**रायपुर।** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दोंदेकला के नवनिर्वाचित सरपंच अरविंद सिंह ठाकुर व वार्ड के पंचों ने ग्राम पंचायत भवन में शपथ ली, सभी ने एक स्वर में गांव में बिजली, सड़क व पानी की व्यवस्था, स्वच्छता, नशामुक्त एवं अनुशासित गांव बनाने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सेवकराम साहू, चरणदास साहू, गजरू चेलक, तुलसी वर्मा, रामअवतार खूंटे, अंजोर दास, रामकुमार कश्यप, भोलाराम चेलक आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मोवा मुख्य मार्ग पर लिया सफाई का जायजा

**रायपुर।** जोन-9 क्षेत्र के मोवा मुख्य मार्ग एवं आनंदम सिटी के पास सोमवार को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों का जायजा अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने लिया। निरीक्षण के दौरान मोवा में गंदगी फैलाते देखे जाने पर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल ठेला जब्त करने की कार्यवाही की।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को बीएसएफ के जवानों ने सीपीआर देकर जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

नया रायपुर में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे बीएसएफ के जवानों ने अपनी गाड़ी रोक कर युवक को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर जान बचाई। युवक को सीपीआर देने के बाद बीएसएफ के जवानों ने घटना की जानकारी डॉयल 112 को दी। डॉयल 112 के पहुंचने में देर होने पर जवानों ने युवक को एंबुलेंस की मदद से एक निजी अस्पतार उपचार के लिए रवाना किया। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने इस संबंध में अब तक किसी भी प्रकार की सूचना नहीं मिलने की बात कही। बीएसएफ जवानों द्वारा युवक को सीपीआर देने का वीडियो वायरल हुआ है।

दोपहर 11 से 12 के बजे के बीच नवा रायपुर के सुनसान रास्ते में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए आ रहा था। इसी दौरान मोड़ के पास बैलेंस बिगड़ने से युवक अपनी बाइक कंट्रोल नहीं कर पाया और वह बाइक सहित डिवाइडर में जाकर टकरा गया। युवक डिवाइडर से टकराकर गिर गया।

**नया रायपुर में तेज रफ्तार बाइक के डिवाइडर से टकराने से युवक हुआ था घायल**





### दिल की धड़कन लौटाने सीपीआर

*जब घटना घटित हुई, उसी समय बीएसएफ के जवान अपनी गाड़ी से नवा रायपुर की तरफ जा रहे थे। जवानों ने अपनी गाड़ी रोकी और युवक के दिल की धड़कन की जांच की। युवक का दिल धड़कना बंद हो गया था। दिल की धड़कन बंद होने पर बीएसएएफ के जवानों ने युवक को मौके पर सीपीआर देकर दिल की धड़कन लौटाने में मदद की। इसके बाद सिर से बह रहे खून को रोकने कपड़े से युवक के सिर को बांधा और एंबुलेंस से उपचार के लिए एक निजी अस्पताल के लिए रवाना किया।*

## एक्टिवान के साथ थियानील भी हो चुका है एक्सपायर, एक अन्य दवा चार माह बाद हो जाएगी कालातीत

# वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने के लिए कालातीत दवाओं का किया जा रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग के पास वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने की जितनी दवाएं हैं, वो सभी एक्सपायर हो चुकी हैं। एक दवा चार माह बाद एक्सपायर होने वाली है। वन अफसर इस स्थिति के लिए वन्यजीव चिकित्सक को दोषी बता रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2022 के बाद वन्यजीव चिकित्सक ने वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने के साथ ही होश में लाने वाली दवा ही नहीं मंगाई है। जानकार ऐसे में इसे वन्यजीव धरोहर को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य बताया है। जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गनवीर के मुताबिक स्टॉक में कितनी दवाएं रखी हैं, इसकी विशेषज्ञ से जांच कराई जा रही है। अफसर जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्यवाई करने की बात कह रहे हैं। वन्यजीव चिकित्सक डॉ. राकेश वर्मा के निलंबन तथा उनके खिलाफ पीओआर दर्ज करने के सवाल पर अफसर का कहना है कि हमने डॉक्टर को वन्यजीव से जुड़े सभी कार्यों से मुक्त कर इसकी जानकारी शासन को दे दी है। डॉक्टर के खिलाफ अफसर ने शासन के दिशा निर्देश के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

- वन्यजीव प्रेमियों ने दोषी वन्यजीव चिकित्सक को निलंबित कर पीओआर दर्ज करने मांग की


बायसन को होश में लाने जो दवा दी गई थी वह कालातीत, उसी से मौत, डॉक्टर को नोटिस

### यह दवा हो चुकी है कालातीत

वनजीव चिकित्सक की मांग पर वन अफसरों ने दक्षिण अफ्रीका से कैप्टिवान के साथ ही एक्टिवान तथा थियानील ट्रैक्सोनील कांबो पैक दवा का आर्डर किए थे। उक्त दवा को दक्षिण अफ्रीका के वाइल्ड लाइफ फार्मास्यूटिक्लस कंपनी से तीनों दवाओं की एक दिसंबर 2022 को डिलीवरी दी गई थी। इनमें थियानील ट्रैक्सोनील अगस्त 2024 में तथा एक्टिवान मार्च 2024 में कालातीत हो चुकी है। कैप्टिवान जुलाई 2025 में एक्सपायरी होने जा रही है। ये तीनों दवाएं वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने के साथ होश में लाने की दवाएं हैं।

### दो वेटनरी डॉक्टरों की टीम कर रही जांच

वन्यजीव अफसरों के मुताबिक दवाओं की जांच करने वेटनरी के एडिशनल डायरेक्टर ने दो डॉक्टर दवाओं की जांच करने जंगल सफारी भेजा है। डॉक्टरों की टीम द्वारा दवाओं की जांच करने के बाद पता चल पाएगा कि वन्यजीवों के लिए रखी कितनी दवाएं कालातीत हो चुकी हैं।

### पीओआर दर्ज करने की तैयारी


*सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविषा समाजदार के अनुसार बायसन की मौत की घटना गंभीर है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसके लिए एक्सपर्ट की राय ली जा रही है। डॉक्टर ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। उनके खिलाफ सख्ती कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टर के खिलाफ पीओआर दर्ज करने के सवाल पर वन अफसर का कहना है कि एक्सपर्ट की राय लेने के बाद डॉक्टर के खिलाफ पीओआर दर्ज की जाएगी।*

### दवा मंगाने की प्रक्रिया जटिल

*वन्यजीवों को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट करने के साथ ही गले में कॉलर आईडी लगाने तथा घायल वन्यजीवों को रेस्क्यू करने के समय ट्रैंक्यूलाइज करना पड़ता है। इसके लिए बेहोशी तथा होश में लाने के लिए ट्रैंक्यूलाइज गन से डॉट देना पड़ता है। इन दवाओं को दक्षिण अफ्रीका से मंगाने नारकोटिक्स डिपामर्टमेंट के कमिश्नर की अनुमति लेने के साथ ही कस्टम क्लीयरेंस कराने के साथ ही कई तरह की अनुमति लेनी पड़ती है। प्रक्रिया पूरी करने में पांच से छह माह का समय लग जाता है।*

# प्रदेश के कर्मचारियों को भी अब केंद्र के समान मिलेगा 53 प्रतिशत डीए, बजट में किया प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों को भी अब केंद्र कर्मचारियों के समान डीए मिलेगा। प्रदेश के कर्मचारियों को इससे पहले 50 प्रतिशत डीए दिया जाता था, जिसमें राज्य सरकार ने 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इस तरह अब राज्य के कर्मचारियों को भी केंद्र की भांति 53 प्रतिशत डीए मिलेगा। हालांकि यह डीए नए वित्तीय वर्ष 2025-2026 से मिलेगा। इस तरह बढ़ा हुआ डीए अप्रैल माह के वेतन से जुड़कर मिलेगा। इधर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी ने केंद्र के समान डीए करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कर्मचारियों द्वारा केंद्र के समान डीए की शासन से लगातार मांग की जा रही थी। यह मांग अब पूरी हुई है। इसके लिए उन्होंने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

राज्य सरकार ने विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। इस बजट में राज्य के शासकीय कर्मचारियों को तोहफा देते हुए केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य में भी कर्मचारियों का डीए 53 प्रतिशत कर दिया है। इस तरह अप्रैल माह से सभी कर्मचारियों के वेतन में 50 प्रतिशत की जगह 53 प्रतिशत डीए जुड़कर मिलेगा।

- पहले मिलता था 50 प्रतिशत, अब राज्य सरकार ने 3 प्रतिशत वृद्धि की

### जुलाई 2024 से मिलना चाहिए डीए : कर्मचारी संघ

*संघ अध्यक्ष का यह भी कहना है कि केंद्र की तरह डीए कर दिया गया है, पर यह डीए अप्रैल 2025 से मिलेगा, जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई 2024 से 53 प्रतिशत डीए दिया जा रहा है। इस तरह प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2024 से लेकर मार्च 2025 तक का डीए दिया जाएगा या नहीं। इस संबंध में आदेश अभी क्लीयर नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर राज्य के कर्मचारियों को केंद्र की देय तारीख के अनुसार डीए नहीं मिलेगा तो 9 महीने के डीए से वे सभी वंचित हो जाएंगे, इसलिए शासन को इस संबंध में आदेश जारी करना चाहिए। संघ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र तांडी ने भी बजट में प्रदेश के कर्मचारियों का डीए केंद्र के समान करने का स्वागत किया है।*

# सीएम साय के सुशासन में लोगों को मिल रहा किफायती दर पर आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में सभी के लिए आवास के तहत किफायती दरों पर घर उपलब्ध कराने वनटाइम सेटलमेंट योजना 2 का शुभारंभ छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कर दिया गया है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने भवनों की लागत मूल्य पर 10, 20 तथा 30 प्रतिशत तक छूट की योजना तैयार की गई थी जिसे 20 जनवरी 2025 को मंत्रिमंडल से हरी झंडी मिल गई थी, परंतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण योजना को तब शुरू नहीं किया जा सका था। श्री चौधरी के प्रयासों से यह वनटाइम सेटलमेंट योजना-2, 1 मार्च 2025 से शुरू कर दी गई है, जिसके तहत राज्यभर में स्थित आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों में भारी छूट दी जा रही है। इस योजना से लोगों को अपने सपनों का घर प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। आवास एवं पर्यावरण विभाग सचिव सह छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अंकित आनंद (आईएएस) ने बताया कि मंडल की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें सभी वर्ग के लोगों के लिए किफायती दरों पर घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हमने मंडल द्वारा निर्मित आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों के लागत मूल्य पर 30 प्रतिशत तक छूट दी है, ताकि एक परिवार अपने सपनों का आशियाना बहुत ही सामान्य एवं किफायती दाम पर ले सके।

- आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने किया वन टाइम सेटलमेंट योजना 2 का शुभारंभ



### 56 भवनों की बुकिंग आ चुकी है

मंडल आयुक्त कुंदन कुमार (आईएएस) ने बताया कि इस योजना को लॉन्च करते ही हमें लोगों का शानदार प्रतिसाद मिला है। मात्र 2 दिनों में हमें लगभग 8 करोड़ के 56 भवनों की बुकिंग आ चुकी है, जो कि एक रिकॉर्ड है। इतनी बुकिंग हमें छुट्टियों के दिनों में प्राप्त हुई है। हमने बुकिंग सिस्टम पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन रखा है, जहां हितग्राही घर बैठे मंडल की वेबसाइट पर लॉग-इन कर भवन आसानी से बुक कर सकते हैं। इन दो दिनों में मंडल के टोल फ्री 18001216313 तथा अधिकारियों/ कर्मचारियों के नंबर्स पर 900 से 1000 क्वेरीज भी आ चुकी है। यह योजना छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख स्थानों जैसे, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, धमतरी, दंतेवाड़ा, राजनांदगांव, कवर्धा, नवा रायपुर अटलनगर, आरंग, महासमुंद, अंबिकापुर, जशपुर, रायगढ़, कोरबा और अन्य प्रमुख शहरों में लागू है।

# खत्म होगी दूसरे राज्यों पर निर्भरता, जांच क्षमता दोगुनी और सही समय पर मिलेगी फूड-ड्रग सैंपल की रिपोर्ट

## नवा रायपुर में बनेगी इंटीग्रेटेड खाद्य एवं परीक्षणशाला, 45 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मल्टीविटामिन, प्रोटीन, मसाले, तेल सहित कई तरह की जांच के लिए दूसरे राज्यों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की निर्भरता खत्म हो जाएगी। इसके अलावा त्योहारी सीजन में लिए जाने वाले खाद्य सैंपलों की रिपोर्ट सही समय पर मिलने से कार्रवाई की प्रक्रिया ढीली नहीं होगी। जांच की क्षमता दोगुनी होने से निरीक्षक ज्यादा से ज्यादा इलाकों में जाकर अपनी जांच पूरी कर पाएंगे।

राज्य शासन इंटीग्रेटेड खाद्य एवं परीक्षणशाला बनाने के लिए 45 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। यह लैब नवा रायपुर में बनाया जाएगा, जिससे विभागीय टीम अपनी दोगुनी क्षमता के साथ काम कर पाएगी। वर्तमान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन का लैब छोटी जगह पर संचालित होता है, जहां जांच की क्षमता भी सीमित है। प्रदेशभर से आने वाले सैंपलों की जांच की जिम्मेदारी होती है। त्योहारी सीजन अथवा किसी अभियान के दौरान जब विभिन्न जिलों से सैंपल लैब पहुंचते हैं, तो वहां पेंडेंसी बढ़ जाती है और जांच के बाद रिपोर्ट जब तक मिलती है तब तक त्योहार को बीते कई महीने हो जाते हैं। इसके अलावा कई तरह की जांच के लिए टीम को दूसरे राज्यों पर निर्भर होना पड़ता है। खासकर संवेदनशील मामलों में रिपोर्ट का इंतजार लंबा होने की वजह से जांच प्रभावित होती है। नया लैब बनने के बाद इस तरह की तमाम समस्याओं का समाधान हो जाएगा। नवा रायपुर में स्थापित होने वाला लैब बड़ा होगा, नए उपकरण से जांच क्षमता भी दोगुनी हो जाएगी और संबंधित अधिकारी को भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट भी सही समय पर मिल जाएगी।

- दूध एवं उससे बनने वाले पनीर सहित अन्य उत्पादों की



### लग जाता है महीनाभर

खाद्य अथवा औषधि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बाद लिए गए सैंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं। इनकी रिपोर्ट आने में पंद्रह से महीनेभर का वक्त लग जाता है। पिछले दिनों राजधानी में पकड़े गए पनीर और कबीरधाम में पत्थर का चूरा मिले मिलावटी गुड़ की जांच सैंपल रिपोर्ट के इंतजार में अटकी रही है। बाद में दोनों मामले रिपोर्ट अमानक मिलने पर प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### विश्वस्तरीय जांच की सुविधा, मध्यभारत में सबसे बड़ा

नवा रायपुर में 45 करोड़ की लागत से बनाया जाने वाला इंटीग्रेटेड लैबोरिटी विश्वस्तरीय होगा। यह मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रयोगशाला होगा जहां तमाम तरह की जांच की सुविधाएं होंगी। दोगुनी गति से यहां जांच होने पर मैदानी अमला ज्यादा से ज्यादा इलाके में जाकर अपना टास्क पूरा कर पाएगा। इससे आम लोगों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ एवं औषधि उपलब्ध कराने में मदद मिल पाएगी।

### इस तरह जांच हो पाएगी

- दूध एवं उससे बनने वाले पनीर सहित अन्य उत्पादों की माइक्रोबायोलॉजिकल जांच
- खाद्य पदार्थों में मिलने पेस्टी साइड, हैवी मेटल सहित अन्य तरह की टेस्टिंग
- दवाओं से संबंधित सभी श्रेणी की जांच, माइक्रोबायोलॉजिकल टेस्ट
- कास्मेटिक सामग्री के साथ चिकित्सकीय उपकरणों की पूर्ण जांच

## बिजनेस साइट

# रायपुर में एक्सक्लूसिव वोल्टास ब्रांड शॉप का भव्य शुभारंभ

ग्राहकों को एक ही छत के नीचे वोल्टास के सभी प्रोडक्ट्स की विस्तृत श्रृंखला मिलेगी



**रायपुर।** सोमवार को अमित सेल्स शॉप नंबर 1, फाफाडीह में वोल्टास- द ब्रांड शॉप का भव्य शुभारंभ हुआ। इस मौके पर वोल्टास के ऑल इंडिया सेल्स हेड जोगेश जेटली, इंडिया टूर हेड रवि चंद्र मुचरेला, रीजनल बिजनेस हेड वेस्ट रामकुमार सिंह, बिजनेस हेड छत्तीसगढ़ नीरज कुमार, संचालक अमित बग्गा और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। 1500 स्क्वायर फीट में फैली यह एक्सक्लूसिव ब्रांड शॉप ग्राहकों को एक ही छत के नीचे वोल्टास के सभी प्रोडक्ट्स की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगी। इसमें 3 स्टार और 5 स्टार एसी, फ्रिज, कमर्शियल रेफ्रिजरेटर, एयर कूलर, वॉशिंग मशीन, वाटर डिस्पेंसर, माइक्रोवेव ओवन और वाटर हीटर आदि शामिल हैं। इस अवसर पर ऑल इंडिया सेल्स हेड जोगेश जेटली ने कहा कि वोल्टास टाटा ग्रुप का हिस्सा है और 70 साल से अधिक पुराना ब्रांड है। पिछले 12-13 वर्षों से यह भारतीय बाजार में नंबर 1 पोजीशन पर है। इंडियन कंज्यूमर ने वोल्टास के उत्पादों को उनकी गुणवत्ता, ड्यूरेबिलिटी और रिलायबिलिटी के कारण पसंद किया है। यह गर्व की बात है कि वोल्टास को इतना भरोसा मिला है।

# कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**रायपुर।** कृष्ण विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने माइंडक्वेस्ट इंटर-कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रतिष्ठित क्विज मास्टर सुब्रत साहू (अतिरिक्त मुख्य सचिव) ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें रायपुर, भिलाई, दुर्ग और धमतरी के विभिन्न कॉलेजों के बीच बुद्धिमत्ता की कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई। इस प्रतियोगिता में 50 टीमों ने असाधारण ज्ञान और त्वरित सोच का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक विवेक दासरी, समूह निदेशक डॉ. एसएन पांडा, कार्यकारी निदेशक डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी, डॉ. प्रिंसिपल डीएन देवांगन, डॉ. चंचलदीप कौर और डॉ. सीमा अग्रवाल की उपस्थिति रही।





हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



किसी को लगा 'सोणा' किसी ने कहा-आया रोना


**एजुकेशन अपडेट**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इलेक्ट्रीशियन समेत दर्जनों पदों पर निकली भर्ती




**रायपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR) बिलासपुर मंडल में अप्रेंटिसशिप के बंपर पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 25 मार्च 2025 तक जारी रहेगी। ऐसे में जो भी उम्मीदवार इस भर्ती में शामिल होना चाहते हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट scr.indianrail-ways.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इस भर्ती के तहत आवेदकों का चयन कारपेंटर, ड्रॉफ्ट्समैन, इलेक्ट्रीशियन, फीटर, मशीनिस्ट, पेंटर, प्लंबर, मैकेनिक, वर्कर, स्टेनोग्राफर, डीजल मैकेनिक, वेल्डर और वायरमैन जैसे विभिन्न ट्रेड के लिए किया जाएगा।

### अधिकतम आयु 24 वर्ष होनी चाहिए

उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ मैट्रिक/10वीं कक्षा (10+2 प्रणाली के अंतर्गत) पास होना चाहिए। साथ ही उम्मीदवार के पास संबंधित ट्रेड में आईटीआई का प्रमाणपत्र (राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद या राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा जारी) होना अनिवार्य है। इस भर्ती में आवेदन करने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 15 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक की आयुसीमा की गणना 25 मार्च 2025 के आधार पर की जाएगी। आरक्षित वर्ग को अधिकतम आयुसीमा में छूट रहेगी। चयन प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट सूची पर आधारित होगी। मेरिट सूची मैट्रिकुलेशन के अंकों (न्यूनतम 50 प्रतिशत) और आईटीआई परीक्षा के अंकों के औसत के आधार पर तैयार की जाएगी। दोनों अंकों को समान महत्व दिया जाएगा।

**राजधानी के गली-मोहल्ले में रहेगी नगाड़े की धूम, सड़कों के आस-पास सजने लगी नगाड़े की दुकान**

# होली में पड़ेगी नगाड़े पर थाप, टोलियों को मिल रही बुकिंग, प्रतियोगिता में फागोत्सव

'हर साल की तरह इस होली में भी गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में नगाड़ों की थाप के साथ ही फाग गीतों की धूम मचने वाली है। इसके लिए शहर में सड़क किनारे नगाड़े की दुकानें सजने लगी हैं। होली गीतों की प्रस्तुति देने वाली टोलियों को फागोत्सव के लिए बुकिंग ही नहीं, बल्कि प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने के लिए 4 से 6 अवसर भी मिले हैं। इससे हर क्षेत्र में परंपरा को जिंदा रखने की पहल होने वाली है, इसके लिए तैयारी तेज हो गई है।'

**रायपुर।** होली जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, नई और पुरानी टोलियों ने होली में फाग गायन की परंपरा को निभाने के लिए तैयारी शुरू की है। इसके लिए होली के साजो-सामान भी बाजार में सज चुके हैं। इस बार भी त्योहार से पहले नगाड़े की दुकानें सजने लगी हैं। उत्सव की तैयारी को लेकर जब टोलियों से जुड़े कलाकारों से बात की गई, तो उन्होंने कई रोचक जानकारियां दीं फाग गायकों का कहना है कि फागोत्सव अब नए कलेवर में समाज के बीच होने लगे हैं। पहले बसंत पंचमी से रंगपंचमी तक उत्सव चलता था। अब परंपराओं को जिंदा रखने के लिए आयोजन के लिए जहां 4 से 6 बुकिंग टोलियों के पास हैं। वहीं, प्रतियोगिता में भी फागोत्सव की धूम मचाने के लिए रंग पंचमी के बीच जगह-जगह आयोजन भी होंगे।



### होलिका दहन से होगी शुरुआत

फागोत्सव की परपंरा कई वर्षों से राजातालाब क्षेत्र में निभाई जा रही है। यहां के युवाओं की टोली तो नहीं है, मगर आपस में मिलकर वर्षों से चली आ रही परंपरा को अभी आगे बढ़ा रहे हैं। टोली के प्रमुख सुनील चौधरी ने बताया कि गली-मोहल्ले में यह सिलसिला तीन दिन चलता था। फागोत्सव ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन और शहरी क्षेत्र में सीमित दिन ही चलता है। इस बार भी उत्सव की कड़ी में फाग गायन नगाड़े की थाप पर किया जाएगा। इसकी शुरुआत होलिका दहन से एक दिन पहले करते हैं।


### पारंपरिक गीतों का चलन ज्यादा

जेल कॉलोनी की महिलाओं ने जय मां चामुंडा बालिका सेवा भजन एवं फाग टोली 9 साल पहले बनाई। इस टोली की किरण साहू ने बताया कि फागोत्सव में फाग गायन का क्रेज कभी खत्म नहीं होने वाला है। नगाड़ा बजाने के लिए पुरुषों की मदद लेते हैं। इस बार भी आयोजनों और प्रतियोगिताओं के लिए अलग- अलग क्षेत्र से बुलावा मिलने लगा है। इसे देखते हुए हम लोगों ने भी उत्सव को खास बनाने के लिए गीतों का अभ्यास शुरू किया है। हमारी टोली में महिलाएं ज्यादा हैं। गायकी के लिए महिलाएं भी बुलाती हैं।



### तरीका बदला, मगर दौर बरकरार

फागोत्सव में रंग जमाने वाले शहर के फाग गायक अरुण यादव और सुरेश ठाकुर बताते हैं कि मोहल्लों में फाग गीतों की महफिल भले ही तीन दिन सजती है, लेकिन आयोजनों का दौर कम नहीं हुआ है। अभी भी 4 से 6 बुकिंग आयोजन के लिए मिले हैं। वहीं, अलग-अलग क्षेत्र में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी पुराने और नए दौर के फाग गीत गायक फागोत्सव का रंग जमाने तैयार हैं। इसके लिए सभी टोलियों ने अभ्यास शुरू किया है। देवी-देवताओं के प्रसंगों पर आधारित होली गीतों की पूछ-परख हमेशा रहती है।



### कॉलोनियों में सजती है महफिल

पुन्नी के चंदा ग्रुप की चंपा निषाद ने बताया कि अब लोगों के पास समय नहीं है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि परंपराओं को लोग भूल रहे हैं। अब होली से तीन दिन पहले से लेकर रंग पंचमी के बीच कई जगह आयोजन होते हैं। इसके लिए सजाई जाने वाली महफिल में अपनी छाप छोड़ने के लिए लोग हर दौर के फाग गीत रंग डारो रंग डारो राधा बिचारी ल.., मुख मुरली बजाए.., बरजे यशोदा मईया...जैसे गीत गाते हुए उत्सव की परंपरा बखूबी निभाते हैं। कॉलोनियों में इस तरह के आयोजन की बुकिंग कराते हैं।



**सिटी इवेंट**

## गर्मी में एआई कूलर-एसी की बढ़ी मांग स्मार्ट फीचर्स के साथ बिजली की बचत



**रायपुर।** गर्मी के मौसम की शुरुआत होते ही शहर में कूलर-एसी की बिक्री तेजी से बढ़ गई है। इस बार सूरज की तपिश से बचने के लिए लोग एआई स्मार्ट कूलर और एसी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इन उपकरणों की खास बात यह है कि ये कमरे का तापमान स्वचालित रूप से नियंत्रित कर सकते हैं, जिससे कमरे में हमेशा आरामदायक स्थिति बनी रहती है। बाजार में इसकी कीमत 23 हजार से 60 हजार तक है। एआई तकनीक से लैस इन उपकरणों में स्मार्ट फीचर्स उपलब्ध हैं, जो ऊर्जा की बचत करते हुए अधिक प्रभावी और किफायती होते हैं। हरिभूमि से बातचीत में इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी ने बताया कि नए एसी में ट्रिपल इन्वर्टर प्लस टेक्नोलॉजी दी गई है, जो तापमान को स्वचालित रूप से एडजस्ट करती है, जबकि कूलर में स्मार्ट ह्यूमिडिटी कंट्रोलर, हनीकॉम्ब पेंडिंग, टर्बो एयर थ्रो और मॉस्किटो कंप्लेंट जैसे फीचर्स शामिल हैं, जो आवश्कतानुसार ठंडी हवा देता है।

### विंडो कूलर और रूम कूलर की भी डिमांड

बाजार में ब्रांडेड कंपनियों के साथ-साथ लोकल कंपनियों के प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध हैं। दुकानदार कैलाश सिन्हा ने बताया कि सभी वर्ग के लोग अपने-अपने बजट के हिसाब से एक से दो टन के बीच एसी खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। इसके अलावा विंडो कूलर और रूम कूलर की भी डिमांड बढ़ गई है। विशेष रूप से राजधानी रायपुर में मार्च से ही गर्मी का असर महसूस होने लगता है, लेकिन इस बार फरवरी से ही गर्मी का अहसास होने लगा है।

### फाइबर कूलर की बढ़ी हुई डिमांड

फाइबर कूलर की डिमांड इस समय बाजार में तेजी से बढ़ रही है। फाइबर कूलर की कीमत 12 इंच के कूलर के लिए ढाई हजार रुपए से लेकर साढ़े पांच हजार रुपए तक है, जबकि ब्रांडेड कंपनियों के कूलर की कीमत साढ़े सात हजार से लेकर लगभग 20 हजार रुपए तक है। दुकानदार अमरीक सिंह ने बताया कि पिछले चार सालों में कूलर की डिमांड काफी कम हो गई थी, लेकिन 2024 में इस क्षेत्र में उछाल आया है और इस साल कूलर की बिक्री में 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

### एसी के मॉडल्स में एडवांस फीचर्स

आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ अब एसी में एडवांस फीचर्स आ गए हैं। शोरूम संचालक अभिषेक तिवारी ने बताया कि नए एसी मॉडल्स में कई तरह के स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। अब इन एसी में न केवल तापमान को कंट्रोल किया जा सकता है, बल्कि स्मार्ट वॉयस असिस्टेंट के जरिए भी इन्हें ऑपरेट किया जा सकता है। नए एसी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे फीचर्स की सुविधा भी दी गई है। इससे एसी स्मार्टफोन से जुड़कर कार्य कर सकते हैं और तापमान, मोड तथा अन्य सेटिंग्स को रिमोटली कंट्रोल किया जा सकता है। इसके अलावा इन एसी में एनर्जी-सेविंग मोड भी है, जिससे बिजली की खपत कम होती है और उपभोक्ताओं को बिल में राहत मिलती है। अब अपनी आवश्यकता के हिसाब से एसी को स्मार्ट तरीके से कंट्रोल कर सकते हैं। नई टेक्नोलॉजी के साथ एसी न केवल पर्यावरण के अनुकूल हो रहे हैं, बल्कि इन्हें चलाने में भी कम लागत आ रही है।

## हेडफोन लगाकर तेज आवाज में संगीत सुनने से बढ़ रहा बहरापन, सजग करने नुक्कड़ नाटक

**रायपुर।** हेडफोन लगाकर देर तक तेज आवाज में संगीत सुनने से हर वर्ग में बहरापन बढ़ रहा है। बच्चों को लीड लगाने से रोकना चाहिए। ऐसा नहीं करने से उनमें सुनने की क्षमता कम हो सकती है। रायपुर एम्स ने विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता अभियान की श्रृंखला में यह जानकारी लोगों को दी। ईएनटी और हेड-नेक सर्जरी विभाग भी इसमें सहयोगी रहा। इनके विशेषज्ञों ने श्रवण स्वास्थ्य व सुनने में होने वाली परेशानी से बचाव के लिए लोगों को सजग करने के लिए तीन दिन जागरूकता अभियान चलाया। डॉ. रेणु राजगुरु और डॉ. रिपुदमन अरोड़ा की अगवाई में इस पहल का हिस्सा छात्र-छात्राएं भी बनीं। सुनने की समस्या बताने के लिए नुक्कड़ नाटक भी किया।




### मानसिकता बदलने की जरूरत

सभी को कान की देखभाल की जरूरत बताने के लिए अलग-अलग थीम पर सजग करने के लिए तरीके भी बताए। साथ ही तेज साउंड के बीच ज्यादा देर तक रुकने से बचने की सलाह दी। एम्स के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ अशोक जिंदल और डीन डॉ. आलोक सी. अग्रवाल ने श्रवण स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया। इसके साथ ही इस तीन दिवसीय श्रृंखला की जानकारी भी दी। बताया कि इस समस्या से बचने के लिए लोगों को इस मानसिकता से बचना होगा कि तेज आवाज में रहने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### सीएमई संगोष्ठी में दी सलाह

तीन दिवसीय जागरूकता अभियान की अंतिम कड़ी में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने सीएमई संगोष्ठी में भाग लिया। इसमें प्रो. रेणु राजगुरु, प्रो. अभिरुचि गल्होत्रा, प्रो. रूपा मेहता ने बताया कि बच्चों को तेज साउंड के बीच जाने से रोकना चाहिए, क्योंकि उनके कान पर इसका विपरीत असर पड़ता है। टीवी की आवाज भी कम रखनी चाहिए। तेज आवाज में सुनने से धीरे-धीरे श्रवण क्षमता कम होने लगती है। संगोष्ठी के अंत में पोस्टर पर बचाव के लिए तैयार किए गए स्लोगन दिखाकर समापन किया।

## प्लेसमेंट से खिले स्टूडेंट्स के चेहरे, मिली नौकरी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने ट्रेनर के पद के लिए अपना भाग्य आजमाया। इस अवसर पर ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों के कौशल का मूल्यांकन किया गया। महाविद्यालय के निर्देशक डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करने का मुख्य उद्देश्य है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के प्लेसमेंट कैम्प समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, ताकि छात्रों को रोजगार के लिए भटकने की आवश्यकता न पड़े। प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र कुमार राजपूत ने छात्रों की बढ़ी हुई संख्या को देखकर प्रसन्नता जताई और कहा कि बड़ी संख्या में छात्रों ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिनमें से कई छात्रों का चयन भी हुआ।

सेफ एजुकेट से नीरज साहू, गनिता साहू और आंचल वर्मा ने साक्षात्कार लिया। कार्यक्रम की जानकारी प्लेसमेंट प्रभारी प्रो. अभिनव अग्रवाल ने दी। इस कार्यक्रम में प्रो. मो. रफीक और निधि अग्रवाल ने भी छात्रों की सहायता की। कुल मिलाकर 30 से अधिक छात्रों ने इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग लिया।

**महिला दिवस के अवसर पर नारी सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हॉफ मैराथन**

## मैराथन में महिलाओं, युवा और बच्चों में दिखा जोश, फिट रहने जमकर किया जुंबा डांस

**कार्नर न्यूज**



**रायपुर।** मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब में विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़, महिला प्रकोष्ठ और विप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित विफा हॉफ मैराथन में महिला, बुजुर्ग, युवाओं और बच्चों ने जोश, उमंग और उत्साह के साथ दौड़ लगाकर अपने दिन की शुरुआत की। इस आयोजन में सभी वर्गों ने भाग लिया और कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण व स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस दौरान मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा और हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने पुरस्कार प्रदान किए। सुबह 5 बजे से ही लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ मरीन ड्राइव पहुंचने लगे थे। दौड़ के साथ-साथ जुंबा डांस का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने गजब का उत्साह दिखाया। विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष दीपाली शर्मा के मार्गदर्शन में यह आयोजन महिला दिवस के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर मीनल चौबे ने किया।



### धावकों ने लगाई दौड़

शहर में आयोजित मैराथन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चे, युवा, पुरुष, महिलाएं और बुजुर्ग एक साथ दौड़ में शामिल हुए। इस आयोजन में अधिकारी से लेकर आम आदमी तक ने दौड़ लगाई, जिससे यह संदेश दिया गया कि शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना कितना जरूरी है। प्रतिभागी अधिकांश धावकों की तरह ट्रैक सूट पहनकर दौड़ में शामिल हुए और दौड़ते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया। इस दौरान दौड़ में शामिल सभी के लिए पानी और एनर्जी ड्रिंक की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा जुंबा डांस का आयोजन भी हुआ, जिसमें सभी ने रिमिक्स गानों पर जमकर डांस किया।

### महिलाएं समाज में बदलाव लाने तत्पर

विप्र फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्षा दीपाली शर्मा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैराथन में महिलाओं की भागीदारी से यह साबित हो रहा है कि महिलाएं न केवल अपनी सेहत के प्रति जागरूक हैं, बल्कि वे समाज में बदलाव लाने के लिए भी तत्पर हैं। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष कचरू शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चरण शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव विक्की, प्रीतिश शर्मा, महेश शर्मा, महामंत्री प्रद्युम्न सारस्वत, राजाबाबू सारस्वत, रायपुर जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, नरेश शर्मा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन में नीला दाधीच का विशेष सहयोग रहा।



## धर्म लाइव

# भोजपुरी महिला समाज ने नशामुक्ति का उठाया बीड़ा, वार्डों से होगी शुरुआत



**रायपुर।** भोजपुरी महिला समाज ने युवाओं के बीच नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस दौरान समाज की नारी शक्ति ने संकल्प लिया कि वे बिरगांव के सभी वार्डों में जाकर महिलाओं को एकत्रित करेंगे और नशामुक्ति संगठन की स्थापना करेंगे। इस अभियान के तहत महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से बिरगांव में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जनचेतना बढ़ाई जा सके। इसके अतिरिक्त संगठन द्वारा घर-घर जागरूकता अभियान चलाने की भी योजना बनाई गई है।

### महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाएंगी



भोजपुरी महिला समाज की वरिष्ठ सदस्य नमिता सिन्हा ने कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाएगी, बल्कि पूरे समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। इस अभियान में महिलाओं की भागीदारी नारीशक्ति के सामाजिक योगदान को दर्शाती है और समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बैठक में सदस्य नमिता सिन्हा, नीता विश्वकर्मा, संध्या कुमारी, नेहा कुमारी, किरण यादव, मीना, वृंदा, रामवती, चिंता देवी और अन्य महिलाएं मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

## ● हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के बजट विशेष कार्यक्रम में पक्ष और विपक्ष समेत विभिन्न वर्गों ने दी प्रतिक्रिया

**बजट 2025**

# किसी को लगा 'सोणा' किसी ने कहा-आया रोना

रायपुर। सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य का 25वां बजट पेश किया। बजट को लेकर हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के दफ्तर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा, कांग्रेस और अन्य वर्गों के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।भाजपा ने इस बजट को राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला बताया, वहीं कांग्रेस ने कुछ मुद्दों पर आलोचना की और इसके प्रभावों पर सवाल उठाए। कार्यक्रम में किसी ने बजट को सोणा बताया तो वही किसी ने कहा कि बजट ने रुला दिया।



### नीतियों पर निगरानी रखनी होगी

उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा कि इस बजट के बाद हम उम्मीद करते हैं कि 2030 का जो आधार लक्ष्य रखा गया है, उस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ेंगे और प्रदेश में एक व्यापक औद्योगिक ढांचा स्थापित करेंगे। हालांकि इस प्रक्रिया के क्रियान्वयन के दौरान हमें कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान देना होगा। सरकार ने औद्योगिक नीति को अच्छे तरीके से पेश किया है, लेकिन जो घोषणाएं की गई हैं, उनका समय पर लागू होना बेहद जरूरी है, ताकि उद्योगों को फलने-फूलने का अवसर मिले।

### व्यापार और उद्योग के लिए फायदेमंद

*फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शंकर बजाज ने राज्य के बजट को सकारात्मक बताते हुए कहा कि यह बजट व्यापार और उद्योग के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स को रियायत दरों पर जमीन देने की घोषणा की है, जो व्यापार की गति को बढ़ावा देगी।*

### एकमुश्त देंगे किसानों को राशि

*भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कहा, छत्तीसगढ़ की सरकार पहली सरकार है, जिसने 14 महीने के एक छोटे कार्यकाल में 80 हजार करोड़ का किसानों को भुगतान किया है। यह छत्तीसगढ़ के किसान और जनसंख्या के आधार पर देश में सबसे ज्यादा है। इस बार भी 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में स्पष्ट बात कही है कि 3100 देंगे, जो समर्थन मूल्य की राशि है वह अलग और जो किसानों के बोनस का पैसा है, वह भी अलग, लेकिन एकमुश्त देंगे।*



### बजट से आम जनता का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं

कांग्रेस प्रवक्ता अजय गंगवानी ने कहा कि भाजपा ने पांच साल तक शराबबंदी पर राजनीति की और अब अंग्रेजी शराब पर 9 प्रतिशत की कमी करके काली कमाई बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री का बजट भले ही कविता और भाषण में अच्छा हो, लेकिन यदि उतनी योजनाएं और अच्छी बातें प्रदेश के युवाओं तथा महिलाओं के लिए होतीं तो सभी लोग मुस्कुरा रहे होते। श्री गंगवानी ने यह भी कहा कि बजट में आम जनता का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है।

### बजट की शुरुआत अच्छी

अधिकारी-कर्मचारी संघ के कार्यालय मंत्री पंकज पांडेय ने कहा कि राज्य में ट्रिपल इंजन की सरकार है। चुनावी घोषणापत्र में 100 दिनों के अंदर कर्मचारियों की कई लंबित मांगों को पूरा करने का वादा किया गया था, लेकिन अभी तक उनमें से कई मांगे पूरी नहीं हो पाई हैं। संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की योजना पर कार्यवाही का वे इंतजार कर रहे हैं। वर्तमान में कर्मचारियों को महंगाई भत्ता मिला है, लेकिन उनका एचआरए और एरियर्स अभी भी लंबित है। बजट की शुरुआत अच्छी है और उनकी मांगों को वित्त मंत्री के समक्ष रखा गया है।

### कृषि क्षेत्र के लिए कोई ठोस पहल नहीं

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने कहा कि किसानों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश कर रहा है, ताकि अपनी समस्याएं उनके सामने रखी जा सकें, लेकिन मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय अभी तक नहीं मिल पाया है। सरकार के प्रस्तुत बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जो किसानों के लिए रोजगार उत्पन्न करने के मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा कि कृषि से पलायन को रोकने के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं देखा गया, जबकि यह समय की जरूरत है।

### राज्य सरकार ने मन और मर्म को समझा

नक्सल एक्सपर्ट और महिला संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि माओवाद की समस्या को खत्म करने के लिए सरकार ने इस बार एक निर्धारित डेटलाइन दी है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए योजना बनाई गई है, जिससे वे मुख्यधारा में लौट सकें। जनजातीय क्षेत्रों में महिलाओं के लिए 7 नए हॉस्टल बनाने की घोषणा की गई है, ताकि कार्यशील महिलाओं को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकें। डॉ. शर्मा ने यह भी बताया कि सरकार ने लोगों के मन और मर्म को समझते हुए विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने लखपति दीदी और महतारी वंदन योजना की सराहना की और कहा कि इन योजनाओं से महिलाएं निश्चित रूप से खुश हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है।

### वनोपज के संबंध में कोई ठोस पहल नहीं

कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री डॉ. अजय साहू ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि आवंटन कांग्रेस सरकार के समय में हुआ था, जबकि अब भाजपा सरकार ने भवन निर्माण के लिए फंड की व्यवस्था की है। महतारी वंदन योजना में नई महिलाओं को जोड़ने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। राज्य में 32 प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या निवास करती है, लेकिन उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए बजट में कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। वित्त मंत्री ने वनोपज के संबंध में कोई ठोस पहल नहीं की है, जबकि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। जिन योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुधर सकती थी, उनके लिए भी कोई योजना नहीं प्रस्तुत की गई है। कांग्रेस सरकार रीपा जैसी योजनाएं लेकर आई थी, जो ग्रामीणों को पलायन से रोकने में मदद करती थी, लेकिन वर्तमान बजट में ऐसी कोई योजना नहीं है।

## सिटी लाइव

# बस्तर संभाग के छात्रों ने लिया भाग विधानसभा में देखी कार्यप्रणाली



रायपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 2 से 3 मार्च तक आयोजित छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा में बस्तर संभाग के बीजापुर, दंतेवाड़ा जैसे दूरदराज के क्षेत्रों के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रायपुर के प्रमुख संस्थानों का भ्रमण किया, जिसमें जंगल सफारी, साइंस सेंटर, आईआईटी भिलाई, एनआईटी रायपुर और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय शामिल थे। इसके अलावा विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ विधानसभा का भी दौरा कराया गया, जहां प्रदेश के जनजाति मंत्री रामविचार नेताम ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस यात्रा का उद्देश्य खासकर उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना था, जो ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से आते हैं और शिक्षा के महत्व को समझने में कठिनाई महसूस करते हैं।

### छात्रों ने देखी छावा फिल्म

यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध फिल्म छावा भी दिखाई गई, ताकि उनकी सांस्कृतिक समझ, सोच को और विकसित किया जा सके। इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत, प्रांत सहमंत्री मनीषा राणा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शैलेश ध्रुव और प्रांत जनजाति कार्य प्रमुख जितेश नेताम की विशेष उपस्थिति रही। छात्रों ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि आईआईटी, एनआईटी और खासकर विधानसभा जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर जाकर शिक्षा से जुड़ी जानकारी प्राप्त करेंगे।

# गर्मी में मोगरा, चंपा, मधुमालती के पौधे कम पानी देने पर भी कराएंगे ठंडक का एहसास



**रायपुर।** गर्मी के दिनों में शहरी क्षेत्र में पानी के लिए माथापच्ची का दौर शुरू हो जाता है। बढ़ते तापमान का असर आम लोगों ही नहीं, बल्कि पेड़-पौधों पर भी पड़ता है। इसे देखते हुए प्रकृति प्रेमी अपनी बगिया में ऐसे पौधों को सहेजने का जतन करते हैं, जिसे पानी कम देना पड़े। उनका रखरखाव आसान होने के साथ सुकून भी मिले। नर्सरी संचालक भरत अठवानी, रोशन साहू ने बताया कि जिन पौधों को कम पानी देना पड़े, उन्हें ही लोग खरीदना पसंद करते हैं। 50 रुपए से लेकर तीन सौ तक की रेंज में मिलने और गर्मी में रोपे जाने वाले पौधों को खरीदने अभी दिनभर में 15 से 20 लोग आते हैं। रखरखाव की जानकारी भी लेते हैं।





### तापमान बढ़ने से दम तोड़ते हैं पौधे

गर्मी में सामान्य पौधों को ज्यादा पानी देने की जरूरत होती है। इसमें कमी करने से पौधे सूखने लगते हैं। कई बार काम के सिलसिले में शहरी क्षेत्र के लोगों को बाहर जाना पड़ता है। ऐसे में सजाई गई बगिया के आधे से ज्यादा पौधे दम तोड़ देते हैं। गर्मियों के सीजन में कौन से पौधे लगाए जाएं, जो बगिया को हरा-भरा रखें। इनमें विन्का पौधे को सदाबहार माना जाता है। इसकी देसी प्रजाति में हल्के पर्पल और सफेद फूल आते हैं। हाईब्रिड वैरायटी में रंगबिरंगे फूल होते हैं।

### इनका रखरखाव भी बहुत आसान

बगीचों में रोपने चांदनी पौधे की पूछपरख बढ़ गई है। यह झाड़ीनुमा पौधा छोटे-छोटे फूलों से भरता है। इसकी ऊंचाई 5 फीट तक होती है। गमले के लिए कम हाइट वाले हाईब्रिड पौधे नर्सरी में हैं। इसी तरह यूफेबिया भी लोग खरीदना पसंद करते हैं। यह मूलतः कैक्टस प्रजाति का है। इस पौधे का तना कांटों से भरा होता है, लेकिन गर्मियों में इस पर डार्क पिंक कलर के फूल खिलते हैं। इससे पौधे का तना ढंक जाता है। इसे कम पानी और तेज धूप की जरूरत होती है।

### सिंगल और डबल लेयर वाले फूल

गुड़हल देसी प्रजाति का पौधा होने के साथ ही इसमें लाल रंग के छोटे-बड़े फूल खिलते हैं। सालभर पौधा हरा-भरा रहता है, पर गर्मियों में यह ज्यादा फूल देता है। इसकी हाईब्रिड वैरायटी में कई रंगों के सिंगल-डबल लेयर वाले फूल आते हैं। वहीं अडेनियम रंगबिरंगे फूलों की तरह इसका तना बहुत सुंदर होता है। पौधे को धूप और कम पानी की जरूरत होती है। इसमें लापरवाही से पौधे की जड़ें गल जाती हैं। मोगरा, चंपा, मधुमालती भी लोग खरीदते हैं।

# स्कूली छात्र-छात्राओं को औषधि सप्ताह में बताया जा रहा महत्व



**रायपुर।** स्कूली छात्र-छात्राओं को औषधि का महत्व बताने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में स्कूल के बच्चों के बीच औषधि दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत दिवस की श्रृंखला "जनऔषधि बालमित्र सहभागिता" स्कूल के बच्चों के लिए समर्पित है। शांति नगर स्थित पीजी उमाठे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शाला में भी इस क्रम में आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में इस परियोजना के प्रबंधक अनिश वोडीतेलवार की मौजूदगी में शिक्षकों व बच्चों को जनऔषधि की कम कीमत और उच्च गुणवत्ता की दवाओं के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि हमें जनऔषधि केंद्र में उपलब्ध दवाओं का सेवन करना चाहिए। कम दाम में इसे लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे कम खर्च में दवा आसानी से मिल रही है।

### बच्चों को दिया उपयोगी किट



प्रबंधक ने छात्राओं के लिए खासतौर से तैयार किए गए ओक्सी बायोडीग्रीडेबल और "सुविधा सेनेटरी पैड" के बारे में बताया कि यह मात्र एक रुपए में उपलब्ध है। इसके बाद विद्यार्थियों के बीच कई तरह की मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें गुब्बारे फुलाने, सबसे जल्दी सवालों के जवाब देने से जुड़ी कई प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें खुशनुमा माहौल भी दिया गया। बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उनके लिए उपयोगी एक किट भी दिया गया। इस कड़ी में स्कूल की प्राचार्य विद्या सक्सेना को प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# संत पवन दीवान ने बढ़ाया छग का मान समर्पित सेवा से पूरा करेंगे हर सपना

**रायपुर।** संस्कृति विभाग के सौजन्य से छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज ने विप्र सांस्कृतिक भवन में संत कवि पवन दीवान की श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह समता कॉलोनी स्थित विप्र भवन में किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि संत पवन दीवान के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। राजिम कुंभ उनकी ही परिकल्पना हैं। पवन दीवान छत्तीसगढ़ की गरिमा और अस्मिता की पहचान थे। वे संत, कवि, लेखक, साहित्यकार हम सबके मार्गदर्शक रहे। अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा, उनकी श्रद्धांजलि सभा में विगत 8 साल से साहित्य सम्मान समारोह की परंपरा निभाई जाती है।




### विश्वास जीतने का प्रयास करूंगी

इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने संत पवन दीवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके सपनों को साकार करने का अवसर विप्र समाज के प्रेम और आशीर्वाद से मुझे मिला। इसके साथ ही आज सम्मान मिला। जनता ने मेरा साथ दिया, उनके विश्वास को कायम रखने का प्रयास करूंगी। विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने समाज के कार्यों का विवरण पेश किया। इसके बाद संत कवि पवन दीवान स्मृति अस्मिता सम्मान कवि एवं आध्यात्मिक लेखक डॉ. आदित्य शुक्ला एवं साहित्य व भाषा के प्रोफेसर डॉ. चितरंजन कर को 21000-21000 रुपए नकद एवं सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया।

### इनका किया गया अभिनंदन

विप्र समाज के नवनिर्वाचित पार्षद सरिता आकाश दुबे, सुमन अशोक पांडेय, आकाश तिवारी, मुरली शर्मा, देवदत्त द्विवेदी, स्वप्निल मिश्रा और ममता सोनू तिवारी का उत्साह के साथ सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. मेघेश तिवारी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन समारोह की परिकल्पना को साकार रूप देने में महती भूमिका निभाने वाले डॉ. सुधीर शर्मा ने किया।छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने उक्त जानकारी दी।



## ये भी जानें

### रमजानः अपनी इफ्तार पार्टी के मेन्यू में शामिल करें ये लजीज मिठाइयां



रमजान का पाक महीना 1 मार्च से शुरू हो गया है, जो 30 मार्च को खत्म होगा। यह इस्लाम का सबसे पवित्र महीना होता है, जिस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबी सुबह से शाम तक रोजा रखते हैं। वे सूर्यास्त के समय इफ्तार कर रोजा खोलते हैं। इस दौरान परिवार व दोस्तों के संग इफ्तार का आनंद लेते हैं। इफ्तार पार्टी में वैसे तो फल, खजूर व कोई न कोई मीठा आइटम रहता है मगर आप इफ्तार पार्टी रख रहे हैं तो मेन्यू में ये मिठाइयां शामिल करें। इनकी रेसिपी आसान है और इन्हें चखकर मेहमान आपकी तारीफ करेंगे।

**मैंगो शाही टुकड़ा :** शाही टुकड़ा रमजान के दौरान बनने वाला एक खास पकवान है, जो बेहद स्वादिष्ट होता है। आप इसे और भी लजीज बनाने के लिए इसमें आम का स्वाद जोड़ सकते हैं। इसके लिए एक कढ़ाई में दूध गर्म करें और उसमें कंडेंस्ड दूध और आम मिलाकर रबड़ी बना लें। अब ब्रेड को गोल टुकड़ों में काटकर सेकें और चीनी की चाशनी में डुबाएं। अब ब्रेड के ऊपर रबड़ी लगाएं, आम के टुकड़े रखें और मेवे डालकर परोसें।

**शीर खुरमा :** शीर खुरमा एक पारंपरिक मिठाई है, जिसके बिना मुस्लिम त्योहारों का जश्न अधूरा रहता है। इस मीठे पकवान को बनाने के लिए एक पैन में घी गर्म करें और उसमें सेवई डालकर भून लें। एक बड़े भगोने में दूध गर्म करें और जब वह उबल जाए तो उसमें भूनी हुई सेवई डाल दें। अब इसमें चीनी, खजूर, सूखे मेवे, गुलाब जल और केसर डालकर पकने दें। इसे कटोरियों में निकालकर गर्मा-गर्म परोसें।

**सेवई :** सेवई बनाए बिना इफ्तार पार्टी अधूरी रह जाएगी। इसीलिए इस त्योहार के मेन्यू में इसे शामिल करना न भूलें। इसके लिए सबसे पहले एक पैन में घी गर्म करके उसमें पतली वाली सेवई भून लें। अब सेवई को हटाकर बारीक कटे मेवे और नारियल भून लें। एक भगोने में दूध गर्म करें और उसमें नींबू का रस और चीनी मिलाकर उसे फाड़ लें। अब इसमें इलायची पाउडर, मेवे, केवड़ा और सेवई डालकर पकाएं, जब तक सेवई गाढ़ी न हो जाए।

**गुलाब रसमलाई :** आप इस साल की इफ्तार पार्टी में साधारण रसमलाई की जगह गुलाब रसमलाई बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक भगोने में दूध गर्म करके उसमें चीनी, मेवे, गुलाब जल, रूह अफजा और गुलाब की पंखुड़ियां मिलाएं। दूसरे बर्तन में दूध को फाड़कर छेना तैयार करें, उसमें रूह अफजा मिलाएं और गोल-गोल रसमलाई तैयार कर लें। इन्हें पानी और चीनी की चाशनी में डालकर उबालें और दूध वाले मिश्रण में डालकर परोसें।

**लीची पुडिंग :** आप लीची का इस्तेमाल करके भी एक शानदार मिठाई बना सकते हैं, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को पसंद आएगी। इसके लिए सबसे पहले थोड़े से दूध में कस्टर्ड पाउडर डालकर मिला लें। एक भगोने में दूध उबालें और उसमें यह घोल मिला दें। गर्म पानी में जेलेटिन डालकर मिलाएं और इसे भी कस्टर्ड के मिश्रण में शामिल कर दें। अब इसमें कंडेंस्ड दूध, बारीक कटे मेवे और लीची के टुकड़े डालकर मिला लें।

### अमरूद से बना सकते हैं स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन, स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक भी



वजन घटाने के लिए फलों का सेवन करने की सलाह दी जाती है, जो फाइबर से लैस होते हैं। इन्हीं फलों में से एक है अमरूद, जिसका स्वाद सभी को भाता है। इस फल में कम कैलोरी होती हैं और अधिक मात्रा में फाइबर मौजूद होता है। इसे डाइट में शामिल करने से तृप्ति की भावना बढ़ती है और पेट लंबे समय तक भरा रहता है। आप इससे बनने वाले इन 5 व्यंजनों का सेवन करके वजन घटा सकते हैं।

**अमरूद का सलाद :** आप रात के खाने में अमरूद का सलाद बनाकर खा सकते हैं, जिसकी रेसिपी बेहद आसान होती है। इसके लिए सबसे पहले अमरूद को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और खीरे को भी छीलकर काट लें। आप इसमें बारीक कटा प्याज, टमाटर, पत्तागोभी और जुकीनी जैसी सब्जियां भी शामिल कर सकते हैं। एक कटोरे में सभी सब्जियां डालें और उसमें नींबू का रस, चिली फ्लेक्स और काली मिर्च मिलाकर खाएं।

**अमरूद की चाय :** रोजाना दूध वाली चाय पीने से वजन बढ़ता है और एसिडिटी जैसी परेशानियां होती हैं। आप इसके बजाय अमरूद वाली हर्बल चाय को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। इसे पीने से कोलेस्ट्रॉल कम होता है, वजन घटता है और मधुमेह के इलाज में मदद मिलती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में पानी गर्म करें और उसमें अमरूद की पत्तियां डालकर उबलने दें।

## सिरदर्द की शिकायत हो तब उसे अनदेखा न करें बल्कि डॉक्टर से संपर्क करें

# बार-बार सिरदर्द को न करें नजरअंदाज हो सकता है गंभीर बीमारियों का संकेत

सिरदर्द एक आम समस्या है, जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। अगर यह बार-बार होता है तो यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। इसके कई कारण होते हैं जैसे तनाव, थकान या नींद की कमी। जब सिरदर्द लगातार बना रहता है या बहुत तीव्र होता है तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। आइए जानें कि बार-बार होने वाला सिरदर्द स्वास्थ्य के लिए कैसे खतरा है और इसके संभावित कारण क्या हो सकते हैं।



### साइनस संक्रमण का संकेत

अगर आपका सिरदर्द माथे या आंखों के आसपास केंद्रित रहता है और इसके साथ नाक बंद होना या बहना जैसी समस्याएं होती हैं तो यह साइनस संक्रमण का संकेत हो सकता है। साइनस संक्रमण के कारण चेहरे पर दबाव महसूस होता है, जिससे सिरदर्द बढ़ जाता है। ऐसे मामलों में घरेलू उपायों से राहत पाने की कोशिश करने की बजाय डॉक्टर से संपर्क करें ताकि सही इलाज मिल सके।

### तनावजन्य विकारों का प्रभाव


तनाव हमारे जीवन का हिस्सा बन चुका हैं, लेकिन जब यह अत्यधिक बढ़ जाता हैं तब इसका असर हमारे शरीर पर पड़ता हैं, जिसमें सबसे आम लक्षण लगातार होने वाला सिरदर्द भी होता है। तनावजन्य विकार जैसे एंग्जायटी डिसऑर्डर, डिप्रेशन आदि भी लंबे समय तक बने रहने वाले सिरदर्द का एक मुख्य कारण होते हैं। ऐसे मामलों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ कासमर्थन लेना जरूरी होता है ताकि सही तरीके से इन समस्याओं का समाधान किया जा सके।

### हाई ब्लड प्रेशर का लक्षण

हाई ब्लड प्रेशर भी बार-बार होने वाले सिरदर्द का एक प्रमुख कारण हो सकता है। अगर आपका रक्तचाप सामान्य से अधिक रहता है तो इससे आपके मस्तिष्क पर दबाव पड़ता है, जिससे लगातार सिरदर्द बना रह सकता हैं। नियमित रूप से अपने ब्लड प्रेशर की जांच करवाएं और डॉक्टर द्वारा सुझाए गए उपायों को अपनाएं ताकि आप इस समस्या पर नियंत्रण पा सकें।

### ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा

दुर्लभ ही सही, लेकिन कभी-कभी लगातार रहने वाला सिरदर्द ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारियों का संकेत भी दे सकता है। अगर कोई अन्य लक्षण जैसे चक्कर आना, दृष्टि संबंधी समस्याएं आदि साथ में दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक हो जाता है। समय रहते निदानऔर उपचार से ऐसी स्थितियों को नियंत्रित कर पाना संभव हो जाता है। इसलिए अगली बार जबआपको लगातार सिरदर्द की शिकायत हो तब उसे अनदेखा न करें बल्कि डॉक्टर से संपर्क करें।



## रूखी और फटी एड़ियों से हैं परेशान हैं अधिकांश लोग, घरेलू नुस्खों से राहत

रूखी और फटी एड़ियां एक आम समस्या है, जो अक्सर सर्दियों में बढ़ जाती है। यह समस्या महिलाओं और पुरुषों दोनों को प्रभावित कर सकती है। फटी एड़ियां न केवल दर्दनाक होती हैं, बल्कि देखने में भी अच्छी नहीं लगती हैं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं, कुछ सरल घरेलू उपायों से आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं। आइए ऐसे ही कुछ असरदार उपायों के बारे में जानते हैं, जो आपकी एड़ियों को मुलायम बना सकते हैं।



**गुनगुने पानी में भिगोएं पैरः** गुनगुने पानी में पैर भिगोना एक आसान और प्रभावी तरीका है जिससे फटी एड़ियों को आराम मिलता है। इसके लिए एक टब में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा नमक मिलाएं। अब अपने पैरों को इसमें 15-20 मिनट तक भिगोकर रखें। इससे त्वचा नरम हो जाएगी और मृत कोशिकाएं आसानी से हट जाएंगी। इसके बाद पैरों को तौलिए से सुखाकर मॉइस्चराइजर लगाएं ताकि नमी बनी रहे। यह प्रक्रिया सप्ताह में दो बार करने पर आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**नारियल तेल का उपयोग करें :** नारियल तेल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है, खासकर रूखी त्वचा के लिए। रात को सोने से पहले अपनी एड़ियों पर नारियल तेल लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें ताकि तेल अच्छी तरह सोख लिया जाए। इसके बाद मोजे पहन लें ताकि तेल रातभर काम कर सके और आपकी त्वचा मुलायम हो जाए। नारियल तेल की प्राकृतिक गुणधर्म त्वचा की नमी बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे फटी हुई एड़ियां जल्दी ठीक होती हैं।

**शहद का मास्क बनाएं :** शहद एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है, जो त्वचा की नमी बनाए रखने में मदद करता है। लाभ के लिए थोड़ी मात्रा में शहद लेकर अपनी फटी एड़ियों पर लगाएं और 15-20 मिनट तक छोड़ दें, फिर गुनगुने पानी से धो लें। इससे त्वचा नरम होगी और दरारें भरने लगेंगी।

नियमित रूप से इस प्रक्रिया का पालन करने पर आपको जल्द ही फर्क महसूस होगा। शहद के जीवाणुरोधी गुण संक्रमण रोकते हैं, जिससे आपकी त्वचा स्वस्थ रहती है।

**एलोवेरा जेल का प्रयोग करें :** एलोवेरा जेल रूखी और क्षतिग्रस्त त्वचा के इलाज के लिए बेहद असरदार होता है। लाभ के लिए इसे रात में अपनी एड़ियों पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इसके बाद मोजे पहन लें ताकि जेल पूरी रात काम कर सके।

## बुध का मीन राशि में गोचर, इन राशियों पर बरसेगी लक्ष्मी



ग्रहों के राजकुमार बुध को शुभ ग्रह माना गया है। अगर कुंडली में बुध मजबूत हुए तो जातक को करियर और कारोबार में मन मुताबिक सफलता मिलती है। साथ ही शुभ काम भी सफल होते हैं। फाल्गुन अमावस्या पर 27 फरवरी को बुध कुंभ राशि की यात्रा समाप्त कर मीन राशि में गोचर कर चुके हैं। मीन राशि के स्वामी गुरु हैं, जिसके साथ बुध की मित्रता है। मित्र की राशि मीन में बुध की स्थिति अधिकतर शुभ प्रभावशाली और मजबूत मानी जाती है इसलिए मीन राशि में गोचर कर बुध कई राशियों को शुभ फल भी देते हैं।

**बुध-शुक्र की युति बनाएगी लक्ष्मी-नारायण योग :** बुध 27 फरवरी को मीन राशि में गोचर कर चुके हैं और 7 मई तक इसी राशि में रहेंगे। मीन राशि में बुध के गोचर से लक्ष्मी नारायण राजयोग का निर्माण होगा। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि, मीन राशि में जब गुरु और बुध दोनों उपस्थित रहते हैं तो इससे लक्ष्मी नारायण राजयोग का निर्माण होता है। आज बुध गोचर के बाद बनने वाले इस योग का लाभ मिथुन और कुंभ समेत कई राशियों को मिलने वाला है।

### बुध गोचर के बाद खुल जाएगी इन राशियों की किस्मत

**मिथुन राशि :** बुध आपकी राशि से करियर और कारोबार स्थान पर गोचर करेंगे, जिससे नौकरी-व्यवसाय के लिए अच्छे समय की शुरुआत होगी। बेरोजगारों के नौकरी की तलाश पूरी होगी। वहीं रोजी रोजगार वालों को उन्नति होगी। इस दौरान कमाई में भी बढ़ोतरी होगी और आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कर्क राशि :** लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण आपकी राशि के लिए भी भाग्यशाली रहेगा। बुध और शुक्र आपकी राशि से भाग्य स्थान में यह शुभ योग बनाएंगे, जो कि किस्मत चमकाने वाला रहेगा। इस समय नौकरी-व्यापार के साथ ही शिक्षा क्षेत्र में भी उन्नति होगी और देश-विदेश की यात्रा के योग बनेंगे।

**कुंभ राशि :** बुध-शुक्र की युति आपकी राशि से धन भाव पर बनेगी। ऐसे में इस समय आकस्मिक धन का लाभ तो होगा ही साथ ही आय के अलग-अलग स्रोत भी सामने आएंगे। रुका हुआ धन भी इस समय प्राप्त हो सकता है। ऐसे में यह समय धन संकट को दूर करने वाला साबित होगा।



## रमजान में बनाएं ये 5 खास जूस, जो देंगे ताजगी और ऊर्जा

गर्मी का मौसम धीरे-धीरे नजदीक आता जा रहा है। इस दौरान कुछ खास खान-पान का आनंद लेने का मन करता है। आने वाले दिनों में तीखी गर्मी पड़ेगी जिस दौरान घर में आने वाले मेहमानों एवं स्वयं को तरोताजा रखने के लिए जूस का सेवन जरूरी हो जाता है। इस दौरान शरीर को पर्याप्त मात्रा में पानी और ऊर्जा प्रदान करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए यहां हम आपको पांच ऐसे अनोखे जूस के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप गर्मी में झटपट तैयार कर सकती हैं। ये जूस न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

**तरबूज और पुदीना का जूस :** तरबूज गर्मियों में मिलने वाला ऐसा फल है, जो शरीर को ठंडक देता है। इसे पुदीने की ताजगी के साथ मिलाकर बनाया गया जूस इफ्तार के समय पीने पर सुकून देता है। इसे बनाने के लिए तरबूज को छोटे टुकड़ों में काटकर उसमें कुछ पुदीने की पत्तियां डालें और मिक्सर में पीस लें। इसमें थोड़ा नींबू का रस मिलाएं ताकि स्वाद बढ़ जाए। यह जूस शरीर को हाइड्रेट करता है और इसमें मौजूद विटामिन-C त्वचा को चमकदार बनाता है।

**खजूर और बादाम का जूस :** खजूर इस दौरान सबसे ज्यादा खाया जाने वाला फल होता है क्योंकि यह ऊर्जा से भरपूर होता है। खजूर और बादाम का मिश्रण एक पौष्टिक जूस तैयार करता है, जो आपके दिनभर की थकान मिटाने में मदद करता है। इसके लिए खजूर को रातभर पानी में भिगो दें, फिर इसे बादाम के साथ मिक्सर में पीसें। इसमें दूध मिलाकर अच्छी तरह से ब्लेंड करें ताकि यह क्रीमी हो जाए, फिर इस जूस को ठंडा करके परोसें।

**बेल का जूस :** बेल फल अपने शीतलता देने वाले गुणों के लिए जाना जाता है, खासकर गर्मियों में इसका सेवन बहुत लाभकारी होता है। बेल फल का गूदा निकालकर उसे पानी में घोलें और छान लें ताकि बीज अलग हो जाएं, फिर इसमें चीनी या गुड़ मिलाकर अच्छे से घोलें ताकि मिठास आ जाए। इस जूस को ठंडा करके घर आए मेहमानों को परोसें, यह न केवल आपको ताजगी देगा बल्कि पेट की समस्याओं से भी राहत दिलाएगा।

**आम पन्ना :** गर्मियों में कच्चे आम से बना आम पन्ना एक लोकप्रिय पेय पदार्थ होता है, जो शरीर को ठंडक पहुंचाता है। कच्चे आमों को उबालकर उनका गूदा निकाल लें, फिर उसमें जीरा पाउडर, नमक, चीनी या गुड़ मिलाएं और अच्छे से मिक्स करें। इसे पानी में घोलकर फ्रिज में ठंडा होने दें, जब चाहे तब पिएं और घर आए मेहमानों को भी पिलाएं। आम पन्ना न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि लिवर की कार्यक्षमता बढ़ाने और डिहाइड्रेशन दूर करने में सहायक होता है।



**अंगूर-अनार का जूस :** अंगूर और अनार दोनों ही फलों मे एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। इनका मिश्रण तैयार करने के लिए अंगूर और अनार दानों के साथ थोड़ी मात्रा अदरक डाल ब्लेंड कर छान लीजिए। अब नींबू के रस के साथ चुटकीभर नमक मिलाकर इसे परोसें। ये पेय न सिर्फ थकावट दूर करेगा, बल्कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाएगा।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्टेज पर थप्पड़ मारने से लेकर लिप किस तक, ऑस्कर समारोह में हो चुके हैं ये बवाल



ऑस्कर में इस साल भारत की ओर से सिर्फ एक फिल्म पहुंची है। यह एक शॉर्ट फिल्म है। गुनीत मोंगा की 'अनुजा'को अकादमी अवॉर्ड की बेस्ट शॉर्ट फिल्म (लाइव एक्शन) कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला। ऑस्कर अवॉर्ड अपने साथ 97 साल का इतिहास लेकर आगे बढ़ रहा है। इस इतिहास ने अपने अंदर कई सारे दिलचस्प किस्से समेट रखे हैं। चाहे वह साल 2022 में विल स्मिथ का होस्ट को थप्पड़ मारना हो या साल 2000 में एंजेलिनी जोली का उनके भाई को रेड कार्पेट पर लिप किस करना हो। चलिए आज हम ऑस्कर से जुड़े कुछ बड़े विवादों के बारे में जानते हैं। साल 2022 में ऑस्कर सेरेमनी में हॉलीवुड अभिनेता विल स्मिथ ने होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ जड़ दिया था। विल स्मिथ शो के होस्ट क्रिस द्वारा पत्नी पर किए गए मजाक से नाराज हो गए थे। हालांकि, बाद में उन्होंने क्रिस से माफी भी मांगी थी। साल 2021 में समारोह के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर कपड़े उतार दिए थे। ऐसा उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे। 2017 : इस साल 'मूनलाइट'को बेस्ट मूवी का अवॉर्ड मिलना था, लेकिन समारोह के दौरान गलती से 'ला ला लैंड'के नाम की घोषणा कर दी गई थी।

### टॉलीवुड

## बाहुबली के कलेक्शन का रेकॉर्ड तोड़ देगी प्रभास की स्पिरिट



साउथ स्टार प्रभास की 'स्पिरिट' फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर अब डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अपनी फिल्म के कलेक्शन की तुलना 'बाहुबली' से किए जाने पर जवाब दिया है। फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि 'स्पिरिट' एसएस राजामौली फिल्म के कलेक्शन का रेकॉर्ड तोड़ देगी। रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' से जबरदस्त सफलता हासिल करने वाले डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों चर्चा में हैं। वो अपकमिंग मूवी 'स्पिरिट' पर काम कर रहे हैं, जिसमें प्रभास बतौर हीरो नजर आएंगे। फैंस का अनुमान है कि ये फिल्म 'बाहुबली' के रेकॉर्ड तोड़ेगी। अब इस पर संदीप ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। बता दें कि एसएस राजामौली की फिल्म ने 2 हजार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। संदीप रेड्डी वांगा ने कहा, 'ये दबाव है कि मुझे 2000 करोड़ कमाने हैं और 'बाहुबली 2' को हराना है। लेकिन, मैं निश्चित रूप से एक आकर्षक और दिलचस्प फिल्म बनाऊंगा। हमें देखना होगा कि आगे क्या होता है। मुझ पर 'बाहुबली 2' के नंबरों को मात देने का कोई दबाव नहीं है।' 'स्पिरिट' के अलावा प्रभास के पास कई अन्य प्रोजेक्ट भी हैं। वो इस समय हनु राघवपुडी निर्देशित 'फौजी' पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा 'स्पिरिट' की शूटिंग शुरू करने से पहले उन्हें मारुति की 'द राजा साब' भी पूरी करनी है। संदीप रेड्डी वांगा ने शूटिंग शुरू होने से पहले प्रभास से एक खास रिक्वेस्ट की है। उन्होंने एक्टर से 'स्पिरिट' के लिए पर्याप्त समय देने के लिए कहा है, ताकि शूटिंग बिना किसी ब्रेक के एक बार में पूरी हो सके और फिल्म समय पर पूरी हो सके।

### भोजपुरी

## पवन सिंह की 'पावर स्टार' का धांसू ट्रेलर रिलीज, फैंस हुए क्रेजी



भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह की नई फिल्म 'पावर स्टार' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो एकदम धांसू है। ट्रेलर रिलीज होने के एक दिन के अंदर ही इसे सात लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। फैंस पवन सिंह के एक्शन अवतार की तारीफ कर रहे हैं और डायलॉग्स भी छा गए हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती है, तो कुछ न्यूज चैनल्स पर पवन सिंह को लेकर हुई कॉन्ट्रोवर्सी के बारे में बताया जा रहा है। साथ में पवन सिंह की भी कुछ फुटेज दिखाई जाती है। इसके बाद एक्शन अवतार में होती है पवन सिंह की एंट्री। एक ही मुक्के में जहां वो गाड़ी का दरवाजा उड़ा देते हैं, तो दुश्मनों को भी गोल-गोल हवा में उड़ा देते हैं। 'पावर स्टार' ट्रेलर में पवन सिंह के हाई एक्शन अवतार के साथ-साथ ही जबरदस्त डायलॉग भी हैं। जैसे- हम दुश्मनी भी दुश्मन की औकात देखकर करते हैं, नरम हो तो छोड़ देते हैं और गरम हो तो तोड़ देते हैं, बैठा हुआ हाथी गधा से ऊंचा होता है... इन डायलॉग्स ने फैंस का दिल जीत लिया है। एक ने लिखा है, 'कोई कितना भी गा-बजा ले, पवन सिंह नहीं बन पाएगा।' एक फैन का कमेंट है, 'वाह पवन सिंह, आग लगा दी। एकदम जबरदस्त।' एक अन्य फैन ने लिखा, 'पॉवर स्टार पवन सिंह ब्रांड के बाप है।' एक और कमेंट है, 'पावर यहीं से शुरू होता है।' 'पावर स्टार' के ट्रेलर में पवन सिंह का स्वैग देख फैंस खुशी से झूम उठे हैं। मालूम हो कि यह फिल्म पवन सिंह की बायोपिक है, और उन्हीं की जिंदगी पर बनी है। इसमें एक्टर की निजी जिंदगी के विवादों से लेकर कुछ अनछुए पहलू और किस्से भी दिखाए जाएंगे। फिल्म में खुद पवन सिंह ही अपना रोल प्ले कर रहे हैं। फिरोज खान के निर्देशन में बनी 'पावर स्टार' को मधु शर्मा और समीर आफताब ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में प्रकाश जैस, पीयूष सुहाने, युगांत पांडे, इंद्रेश त्रिपाठी, मनोज सिंह टाइगर और उजैर खान जैसे कलाकार हैं। अभी फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

## बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के खूबसूरत ब्लाउज

### लाइफ स्टाइल



एक्ट्रेसेस के फैशन स्टाइल को हर कोई कॉपी करना चाहता है। ज्यादातर एक्ट्रेसेस साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में फैंस को उनके ब्लाउज डिजाइन खूब पसंद आते है। क्लासी लुक के लिए कॉलर नेक डिजाइन सबसे अच्छा है। इस तरह की नेक के साथ आप पफ्ड स्लीव्स बनवा सकती हैं। हैवी साड़ी के साथ बोल्ड ब्लाउज डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो इस तरह के डिजाइन को चुनें। ये बैकलेस सिंगल हुक डिजाइन आपको बोल्ड लुक दे सकता है। नेट की साड़ी के साथ आप इस तरह के ब्लाउज को बनवाएं। फ्रिल नेक वाला ये डिजाइन काफी अच्छा लगता है। सोनम कपूर की तरह प्लेन साड़ी के साथ आप ऑफ-शोल्डर क्रोशिया डिजाइन के टॉप को ब्लाउज की तरह पेयर कर सकती हैं। वी नेकलाइन काफी ट्रेंड में है।

## सांवली त्वचा के लिए भी हैं बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, जो देंगे खास लुक

सांवली त्वचा पर सही लिपस्टिक का चयन करना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन सही शेड्स आपके चेहरे को निखार सकते हैं और आपकी सुंदरता को और बढ़ा सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताएंगे, जो सांवली त्वचा पर बेहद खूबसूरत लगते हैं। ये सुझाव महिलाओं के लिए हैं, जो अपने मेकअप कलेक्शन में कुछ नया जोड़ना चाहती हैं।

**गहरा लाल रंग चुनें :** गहरा लाल रंग सांवली त्वचा पर बहुत ही आकर्षक लगता है। यह रंग आपके होंठों को एक दमदार और बोल्ड लुक देता है, जिससे आपका चेहरा चमक उठता है। इसे किसी भी खास मौके या पार्टी में पहनकर आप सबका ध्यान अपनी ओर खींच सकती हैं। गहरे लाल रंग की खासियत यह है कि यह हर प्रकार की ड्रेस के साथ मेल खाता है, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक।



**बरगंडी का जादू :** बरगंडी एक ऐसा शेड है, जो सांवली त्वचा पर बहुत ही मनमोहक लगता है। यह रंग आपके होंठों को गहराई देता है और आपकी मुस्कान को और भी खूबसूरत बनाता है। बरगंडी शेड का उपयोग आप दिन या रात किसी भी समय कर सकती हैं क्योंकि यह हर अवसर के लिए उपयुक्त होता है। इस शेड की खासियत यह है कि यह आपके चेहरे को एक अलग चमक देता है और आपकी सुंदरता को निखारता है।

### प्लम पर्पल से पाएं नया अंदाज

प्लम पर्पल एक अनोखा शेड है, जो सांवली त्वचा पर बेहद खास नजर आता है। यह रंग आपके मेकअप में नया बदलाव लाता है और आपको एक नया अंदाज देता है। प्लम पर्पल का उपयोग करके आप अपने लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं। यह शेड विशेष रूप से शाम की पार्टियों या डिनर डेट्स के लिए उपयुक्त होता है, जहां आप अपनी सुंदरता को निखार सकती हैं और आत्मविश्वास बढ़ा सकती हैं।

### डीप वाइन भी लगेगा अच्छा

डीप वाइन शेड उन महिलाओं के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो अपने होंठों को बोल्ड और आकर्षक दिखाना चाहती हैं। इस गहरे रंग से आपका चेहरा तुरंत निखर जाता है और मुस्कान अधिक आकर्षक लगती है। यह शेड आपके चेहरे को खास चमक देता है और आपकी सुंदरता को बढ़ाता है। इसे किसी भी खास मौके पर पहनकर आप सबका ध्यान अपनी ओर खींच सकती हैं, क्योंकि यह हर अवसर के लिए उपयुक्त होता है।

## थ्री पीस सूट डिजाइन ट्राई कर आप भी बिखेर सकती हैं अपना जलवा

### फैशन



अगर आप भी सबसे अलग दिखना चाहती हैं और अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए है। आज हम आपको थ्री पीस सूट के डिजाइन बताएंगे, जिसे ट्राई कर आप अपनी खूबसूरती में चार चाँद लगा सकती हैं। एक जैसे कपडे पहनकर अधिकतर लड़कियां बोर होने लगती हैं और ऐसे में वे कुछ नया और यूनिक ट्राई करने का सोचती हैं। अगर आप भी अपने आउटफिट में कुछ बदलाव करने का सोच रही हैं, तो ये खबर आपके लिए हैं।

**थ्री पीस सूट डिजाइन :** अगर आप भी भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं, तो अब आपको ड्रेसेस को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं हैं, आप ये थ्री पीस प्रिंटेड टॉप और ट्राउजर श्रग को-ऑर्ड्स के साथ कैरी कर सकती हैं। इसमें आप बेहद खूबसूरत लगेंगी। आप इस थ्री पीस सूट को ऑनलाइन 3604 रुपए में खरीद सकती हैं। आप चाहें तो ऐसे ही थ्री पीस सूट को बनवा भी सकती हैं। इस थ्री पीस सूट में टॉप, ट्राउजर और श्रग शामिल हैं। आप इस सेट को ऑफिस में पहनकर जा सकती हैं।

**टॉप और ब्लेजर ट्राउजर :** आप अगर कॉलेज या फिर ऑफिस में अपना जलवा बिखेरना चाहती हैं, तो थ्री -पीस टॉप और ब्लेजर ट्राउजर आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है आप इसे ट्राई कर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। इस 3 पीस को-ऑर्ड्स में ब्लेजर के साथ टॉप और ट्राउजर शामिल हैं। इसे पहनकर आप अपना गॉर्जियस लुक क्रिएट कर सकती हैं। इस सेट के साथ आप हील्स पहनकर खूबसूरत हेयर स्टाइल बना सकती हैं। ऑनलाइन इस सूट को आप केवल 1000 रुपए तक खरीद सकती हैं।

**थ्री -पीस को-ऑर्ड्स सेट :** सॉलिड थ्री -पीस को-ऑर्ड्स सेट भी आप अपने कॉलेज या फिर ऑफिस में पहनकर जा सकती हैं। इस थ्री पीस सेट में आपको देखकर हर कोई आपकी तारीफ करने लग जाएगा। आप इस सेट को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से खरीद सकती हैं। इस को-ऑर्ड्स में एक टॉप, एक ट्राउजर और एक ब्लेजर शामिल है। आपको इस थ्री पीस सेट में और भी कई तरह के कलर देखने को मिल जाएंगे।

**प्योर कॉटन 3-पीस को-ऑर्ड सेट :** आप अपनी खूबसूरती को और बढ़ने के लिए इस ग्रीन प्रिंटेड प्योर कॉटन थ्री-पीस को-ऑर्ड सेट ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेंगी। यही नहीं अगर आप परिवार या दोस्तों से मिलने या उनके साथ घूमने जा रही हैं, तो आपके लिए ये सूट बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। आपको ये सूट ऑनलाइन 1525 रुपये में मिल जायेगा। आप इस सूट के साथ हील्स या फिर शूज दोनों पहन सकती हैं। यह आपके लुक को कम्पलीट करने में बेहद मदद करेगा।

## प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन देख आपका भी कॉलेज या ऑफिस में पहनने का करेगा मन, बिखेर देंगी जलवा

अगर आप ऑफिस या कॉलेज में खूबसूरत बनकर जाना चाहती हैं और इसके लिए आप ट्रेंडिंग आउटफिट खोज रही हैं, तो ये खबर आपके लिए हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे खास जंपसूट बताएंगे, जिसे ट्राई कर आप भी अपना जलवा बिखेर सकती हैं। हर लड़की चाहती हैं की वह सबसे सुन्दर दिखें। इसी चाह में वे अपने आप को खूबसूरत बनाने के लिए काफी प्रयास करती हैं। अगर आप भी सबसे हटकर और खूबसूरत दिखना चाहती हैं जंपसूट ऐसे डिजाइन के बारे में बताएंगे जिसे देख आपका भी उसे खरीदने का मन कर जाएगा।

### रेड प्रिंटेड जंपसूट

भीड़ से अलग दिखने के लिए और यूनिक लुक क्रिएट करने के लिए आप लाल रंग का लहेरिया प्रिंटेड बेसिक जंपसूट ट्राई कर सकती हैं। यह आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। आप इस जंपसूट को ऑनलाइन केवल 900 रुपए तक खरीद सकती हैं। इस जंपसूट के साथ आप चाहें तो व्हाइट कलर के शूज भी शामिल कर सकती हैं। यह शूज आपके लुक को एलिगेंट बनाने में मदद करेंगे।



### राउंड नेक स्लीव लेस जंपसूट

अगर आप ऑफिस के लिए खूबसूरत जंपसूट की तलाश में हैं तो आपके लिए ये प्रिंटेड बेसिक राउंड नेक स्लीव लेस जंपसूट बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। आप इस जंपसूट के साथ हैंड बैग और बैली शामिल कर सकती हैं। इस सूट को जब आप ऑफिस पहनकर जाएंगी, तो हर एक की नजर आप पर हो सकती हैं। यही नहीं आप चाहें तो इसके साथ सिंपल ज्वेलरी भी कैरी कर सकती हैं। यह जंपसूट आपको ऑनलाइन 900 से 1000 तक मिल जाएगा।

## दुल्हन बनने जा रहीं हैं तो फिर लुक को खूबसूरत बनाने पहनें ऐसा दुपट्टा कि देखने वाले देखते रह जाएं

शादी का दिन हर दुल्हन के लिए बेहद खास होता है और इस दिन वह सबसे सुंदर दिखना चाहती है। इसके लिए कपड़ों से लेकर गहनों तक सब कुछ बेहतरीन होना चाहिए। क्या आपने सोचा है कि आपके लुक को खास बनाने में दुपट्टा कितना अहम हो सकता है?

**सिर पर पल्लू रखकर बनाएं शाही अंदाज :** सिर पर पल्लू रखने का तरीका बहुत ही पारंपरिक और शाही लगता है। यह तरीका न केवल आपको एक रॉयल टच देता है बल्कि आपकी पूरी पोशाक को भी उभारता है। इसे पहनने के लिए आप अपने सिर पर हल्के से पल्लू रखें और उसे कंधों पर ढीला छोड़ दें। इससे आपका चेहरा खुला रहेगा और गहनों की चमक भी नजर आएगी। यह तरीका उन दुल्हनों के लिए बेहतरीन होता है, जो अपनी शादी में पारंपरिक लुक चाहती हैं।



**एक कंधे पर ढीला छोड़ें :** अगर आप अपनी शादी के दिन थोड़ा आधुनिक और आरामदायक लुक चाहती हैं तो एक कंधे पर दुपट्टा ढीला छोड़ने का तरीका आजमा सकती हैं। इसमें आपको अपने एक कंधे पर दुपट्टा रखना होता है और बाकी हिस्सा पीछे की ओर छोड़ देना होता है। यह स्टाइल न केवल आपको आराम देगा बल्कि आपकी पोशाक की खूबसूरती को भी बढ़ाएगा। इसके साथ ही यह तरीका आपके गहनों को भी उभारता है, जिससे आप और भी आकर्षक दिखेंगी।

**कमरबंद के साथ करें प्रयोग :** कमरबंद का उपयोग करके आप अपने दुपट्टे को एक खास अंदाज में पहन सकती हैं। इसके लिए पहले अपने कंधों पर दुपट्टा रखें और फिर उसे कमरबंद से बांध लें। यह तरीका आपके लुक को नया और आकर्षक बनाएगा। इस तरह से दुपट्टा पहनने से आपकी पोशाक में एक नया आयाम जुड़ता है और यह आपके पूरे लुक को खास बनाता है।

### कार्नर न्यूज

### यह साड़ी महिलाओं को एक अलग पहचान देती है

## नौवारी साड़ी को पहनने पर मिलेगा शानदार लुक, आजमाएं ये तरीका

नौवारी साड़ी महाराष्ट्र की पारंपरिक पोशाक है, जो अपनी खास शैली और अनोखे पहनावे के लिए जानी जाती है। यह साड़ी महिलाओं को एक अलग पहचान देती है और इसे पहनने से एक शाही अंदाज मिलता है। हालांकि, इसे सही तरीके से पहनना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस लेख में हम आपको नौवारी साड़ी को आसानी से पहनने का सरल तरीका बताएंगे, जिससे आप न केवल सुंदर दिखेंगी बल्कि आरामदायक भी महसूस करेंगी।



### सही कपड़े का चुनाव करें

नौवारी साड़ी के लिए सही कपड़े का चुनाव बहुत अहम होता है। सूती या रेशमी कपड़े की साड़ियां सबसे अच्छी होती हैं क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देती हैं और गर्मी में भी ठंडक प्रदान करती हैं। इसके अलावा ये कपड़े लंबे समय तक टिकाऊ होते हैं और इन्हें संभालना भी आसान होता है। अगर आप किसी खास मौके पर जा रही हैं तो रेशमी या जरी की कारीगरी वाली

### पेटीकोट का सही चयन करें

पेटीकोट का चयन करते समय यह सुनिश्चित करें कि वह आपकी कमर पर अच्छी तरह फिट हो ताकि साड़ी सही तरीके से बंध सके और आपका लुक सुंदर लगे। पेटीकोट का रंग आपकी साड़ी के रंग से मेल खाता होना चाहिए ताकि वह बाहर से दिखाई न दे। इसके अलावा पेटीकोट की लंबाई इतनी होनी चाहिए कि वह आपके पैरों को पूरी तरह ढक सके, लेकिन चलते समय कोई दिक्कत न हो।

### पल्लू कैसे बांधें?

नौवारी साड़ी में पल्लू बांधना एक कला होती है, जिसे सीखकर आप अपने लुक को मनोहर बना सकती हैं। पल्लू को कंधे पर इस तरह रखें कि वह पीछे से थोड़ा लंबा हो और आगे से कमर तक आए। इससे आपका लुक संतुलित लगेगा और चलने-फिरने में भी आसानी होगी। अगर आप चाहें तो पल्लू पर हल्की कढ़ाई या गहनों का इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक ज्यादा आकर्षक लगेगा।



### ब्लाउज की फिटिंग पर ध्यान दें

ब्लाउज की फिटिंग आपके पूरे लुक को प्रभावित करती है इसलिए इसका चयन सोच-समझकर करना जरूरी है। ब्लाउज ऐसा होना चाहिए, जो आपकी छाती के आकार के अनुसार सही फिट हो ताकि आपको आराम महसूस हो और आत्मविश्वास बढ़े। इसके डिजाइन में थोड़ी विविधता ला सकती हैं, जैसे कि बैकलेस या हॉल्टर नेक स्टाइल, जिससे आपका लुक आधुनिक और आकर्षक लगेगा।

### गहनों का संयोजन

गहनों का सही संयोजन आपके नौवारी लुक को पूरा करता है इसलिए इन्हें चुनते समय सावधानी बरतें। पारंपरिक महाराष्ट्रीयन गहने जैसे कि चंद्रहार, नथनी, बाजूबंद आदि आपके लुक में चार चांद लगा सकते हैं। इनका चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आपकी पोशाक के साथ मेल खाते हों ताकि आपका पूरा रूप संतुलित लगे और किसी विशेष अवसर पर आप सबसे अलग नजर आएं।